* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 212

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही





## अंदर पढ़ें


भ्रष्टाचार करने वालों का पता जेल होगाः हिमंता विस्वा सरमा

जुमलेबाजी करके सत्ता में है भाजपाः चंपाई

झारखंड सरकार ने युवाओं के साथ विश्वासघात किया : तेजस्वी सूर्य













# अब भी पूरी तरह खुला है दुमका का चुनावी रण

## ■ भाजपा और झामुमो के बीच लगातार जारी है झकझूमर

## ■ दोनों दलों के उम्मीदवारों ने खोल दिये हैं अपने सभी घोड़े

## ■ नलिन सोरेन के पास शिबू सोरेन का संबल, तो सीता सोरेन के पास है दुर्गा सोरेन की थाती

**झारखंड की राजनीति की दशा-दिशा तय करने वाली सीट दुमका का चुनावी रण हर बार की तरह इस बार भी बेहद रोमांचक होनेवाला है, हालांकि इस बार मुकाबले में दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं हैं, लेकिन उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन ने झामुमो के इस गढ़ में बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि यहां अब शिबू सोरेन की विरासत चलेगी या फिर दुर्गा सोरेन की। दुमका को गुरुजी का अभेद्य किला माना जाता है, लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा के सुनील सोरेन ने इसे ध्वस्त कर दिया था। गुरुजी चुनाव हार गये, लेकिन दुमका में उनका राजनीतिक दबदबा आज भी कायम है। यही कारण है कि भाजपा ने 'जाइंट किलर' सुनील सोरेन के स्थान पर शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को चुनाव से ठीक पहले अपने खेमे में कर लिया और दुमका से प्रत्याशी भी बना दिया। दूसरी तरफ अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन की गैर-मौजूदगी में गुरुजी की पार्टी झामुमो ने अपने खास सहयोगी नलिन सोरेन को यहां से मैदान में उतार कर सीता सोरेन के लिए 'अग्निपरीक्षा' का माहौल बना दिया। अब जबकि चुनाव में बहुत कम समय बचा है, यह जानना दिलचस्प है कि झारखंड की इस हॉट सीट का माहौल क्या है। चुनाव परिणाम चाहे कुछ भी हो, लेकिन दुमका में मुकाबला करीब-करीब खुला हुआ है और दोनों प्रमुख उम्मीदवारों ने अपने सभी घोड़े खोल दिये हैं। दुमका के मतदाता फिलहाल दम साध कर प्रत्याशियों और परिस्थितियों को तौल रहे हैं। क्या है दुमका का चुनावी परिदृश्य और कैसा चल रहा है चुनाव प्रचार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

संथाल परगना का मुख्यालय ही नहीं, झारखंड की सियासी दशा-दिशा तय करनेवाला दुमका संसदीय क्षेत्र इस बार भी 'हॉट' बना हुआ है। झारखंड के पहले राजनीतिक परिवार, यानी गुरुजी शिबू सोरेन के परिवार का गढ़ दुमका इस बार ऐसे चुनावी मुकाबले का गवाह बन रहा है, जिसकी कल्पना आज से दो महीने पहले तक किसी ने नहीं की थी। दुमका शहर में जगह-जगह लोग यही चर्चा कर रहे हैं कि सीता सोरेन के साथ नाइंसाफी हुई और उन्होंने शिबू सोरेन का घर छोड़ कर गलत नहीं किया। इसके ठीक विपरीत मसलिया में लोग कह रहे थे कि बुढ़ापे में अपने श्वसुर को त्याग कर सीता सोरेन ने अच्छा नहीं किया। वह भी वैसे समय में, जब वह अपने दूसरे बेटे हेमंत सोरेन के जेल जाने से दुखी थे। लोगों के बीच हो रही इन दो चर्चाओं ने पूरे दुमका संसदीय क्षेत्र की तस्वीर बयां कर दी। इसलिए दुमका के वोटिंग पैटर्न के जानकार भी नहीं बता पा रहे हैं कि जनता का मूड क्या है।

वैसे दुमका संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक पारा तो चढ़ा हुआ है, लेकिन लोगों में एक खामोशी है। इसकी मुख्य वजह दोनों दलों का अपने-अपने अंतर्द्वंद्व से जूझना है। भाजपा अंतरकलह से जूझ रही है, तो झामुमो नेतृत्व के संकट के दौर से गुजर रहा है। दोनों दलों के कार्यकर्ता असमंजस में हैं। एक तरफ सीता सोरेन हैं, जो दुर्गा सोरेन की विरासत की बात करती हैं, तो दूसरी तरफ नलिन सोरेन हैं, जिनके पास गुरुजी की विरासत को आगे ले जाने की चुनौती है।

आदिवासी बहुल गांव आमगाछी के लखी सोरेन कहते हैं कि इस इलाके में गुरुजी ही सब कुछ हैं। यहां का हर वोट गुरुजी के निर्देश पर ही पड़ता है। इस बार उन्होंने नलिन सोरेन को प्रत्याशी बनाया है, तो उन्हें जिताना हमारा कर्तव्य है। हालांकि सीता सोरेन के बारे में वह कहते हैं कि भाभी को ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम लोग तो गुरुजी के निर्देश पर जामा जाकर उन्हें जिता आये थे। अब वह हमारा साथ छोड़ चुकी हैं, तो हम बहुत दुविधा में हैं। उधर भाजपा भी अंतरकलह से जूझ रही है। यहां कार्यकर्ता दो भागों में बंटे दिखाई दे रहे हैं। सीता सोरेन को टिकट देने से एक खेमा नाराज है। उनका कहना है कि तीन महीने पहले तक जिस सीता सोरेन ने उन्हें उपेक्षित रखा, उनके लिए अब कैसे काम करें। हालांकि भाजपा का प्रदेश नेतृत्व दोनों खेमों को साथ लाकर सीता सोरेन के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में लगा हुआ है। इस काम को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बखूबी कर रहे हैं।




### शहरी इलाकों में भाजपा का जोर

दुमका शहर में लोगों के बीच सीता सोरेन के प्रति सहानुभूति साफ दिख रही है। लोग उन्हें शिबू सोरेन का ही नहीं, बल्कि दुर्गा सोरेन का भी उत्तराधिकारी मानते हैं। हालांकि शहर से सटे इलाकों में नलिन सोरेन को लोग झामुमो का सच्चा सिपाही मानते हैं। भाजपा के कोर वोटरों में सीता सोरेन को लेकर थोड़ी हिच है, लेकिन मोदी सरकार की योजनाएं, उसके फैसलों और खास कर राम मंदिर को लेकर एक माहौल तो बन ही रहा है। इस माहौल में सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि 1 जून को किसका वोटर अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचता है। वैसे दुमका के बारे में यह प्रसिद्ध है कि मतदान से पहले के 24 घंटे ही वहां का माहौल तय करते हैं। वैसे नलिन सोरेन दुमका में हवा का रुख अपनी ओर करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पुरजोर साथ भी मिल रहा है, लेकिन हेमंत सोरेन की कमी निश्चित रूप से झामुमो कार्यकर्ताओं को दिख रही है। कुछ वर्षों से हेमंत सोरेन ने झामुमो की कमान पूरी तरह से अपने हाथ में ले ली थी और वह झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच उनके हीरो के रूप में उभरे थे। वह इलाके के चप्पे-चप्पे से परिचित थे। कार्यकर्ताओं को भी नाम से जानते थे। चुनाव से दो दिन पहले हेमंत सोरेन दुमका का चुनावी माहौल बदलने में माहिर हो गये थे। उनकी अनुपस्थिति में ये कार्यकर्ता कुछ बुझे-बुझे दिख रहे हैं।

### क्या है दोनों की ताकत और कमजोरी

यदि बात इन दोनों प्रत्याशियों की ताकत और कमजोरी की की जाये, तो एक बात साफ है कि सियासी मैदान में नलिन सोरेन अपने प्रतिद्वंद्वी से बहुत सीनियर हैं। वह आठ बार से विधायक हैं और उन्हें आज तक हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है। झामुमो ही नहीं, पूरे संथाल परगना में नलिन सोरेन का अपना अलग प्रभाव है। दूसरी तरफ इस चुनाव में उनकी सबसे बड़ी कमजोरी उनकी प्रतिद्वंद्वी ही हैं। पूरे प्रचार अभियान के दौरान नलिन सोरेन कभी भी अपनी भतीजी सीता सोरेन के खिलाफ कुछ नहीं बोल सकेंगे। उनके पास केवल भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना का विषय ही होगा। उधर सीता सोरेन के पास सबसे ताकतवर हथियार उनके पति दुर्गा सोरेन का नाम है। संथाल परगना में आज भी दुर्गा सोरेन की बहुत प्रतिष्ठा है। यही कारण है कि भाजपा द्वारा सीता सोरेन को उतारे जाने के बाद झामुमो खेमे में एक किस्म की बेचैनी है। सीता सोरेन जहां दुर्गा सोरेन की पत्नी के रूप में दुमका के लोगों की सहानुभूति हासिल कर रही हैं, वहीं वह शिबू सोरेन की बड़ी बहू के रूप में भी खुद को सामने ला रही हैं। उनके साथ एक मनोवैज्ञानिक लाभ यह है कि शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने में वह खुद को बड़ी आसानी से फिट कर सकती हैं। दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत आनेवाले जामा विधानसभा क्षेत्र से वह तीन बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और आज उनके पीछे भाजपा की ताकत भी है। उनके पति दुर्गा सोरेन भी जामा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे थे और उनकी गिनती झामुमो की सियासी हैसियत का विस्तार करने वाले नेताओं में होती थी। सीता सोरेन ने मुखर होकर परिवार के भीतर खुद के साथ अन्याय के आरोप लगाये हैं। वह हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के खिलाफ राजनीतिक हमला कर रही हैं, वहीं गुरुजी के प्रति उनके मुंह से आज भी सम्मान ही निकल रहा है।

### सीता सोरेन जीतीं, तो होंगे दूरगामी परिणाम

भाजपा के रणनीतिकारों ने संथाल परगना में झामुमो के किले को ध्वस्त करने के लिए एकदम निचले स्तर पर ब्लू प्रिंट तैयार किया है। इसके तहत ही झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को न सिर्फ भाजपा में शामिल किया गया है, बल्कि उन्हें पूर्व में घोषित और दुमका से सीटिंग सांसद सुनील सोरेन को हटा कर दंगल में उतारा गया है। लोगों का मानना है कि अगर दुमका सीट पर सीता सोरेन जीतने में सफल रहीं, तो इसका दूरगामी परिणाम भाजपा को आगे भी मिल सकेगा। सोरेन परिवार की बड़ी बहू होने के नाते सीता इस इलाके में भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकती हैं और इसके जरिये भाजपा संथाल परगना में अपनी पैठ मजबूत कर सकती है।

कुल मिला कर अब तक जो स्थिति है, उससे यह साफ कहा जा सकता है कि लड़ाई कांटे की है। जीत किसी की भी हो सकती है। दोनों प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जोर-शोर से जुटे हैं, लेकिन दुमका लोकसभा सीट के चार-पांच दशक के आंकड़ों पर नजर डालें, तो पता चलता है कि किसका पलड़ा भारी है। सीता सोरेन को एक तरफ जहां भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का सहयोग मिल रहा है, तो नलिन सोरेन को गुरुजी और हेमंत सोरेन की कमी खल रही है। यही कमी सीता सोरेन के पलड़े को भारी कर सकती है। फिलहाल तो दोनों अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

---

इडी ने रिमांड याचिका में किया दावा

# तीन हजार करोड़ का है टेंडर घोटाला

- बांग्लादेश तक जुड़े हैं इस घोटाले के तार
- पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे आलमगीर आलम
- कोर्ट ने फिर पांच दिन की रिमांड पर भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले की जांच कर रही इडी ने बुधवार को झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम को कोर्ट में पेश किया और उनकी रिमांड मांगी। उनकी रिमांड अवधि पांच दिन तक के लिए बढ़ा दी गयी है। हालांकि इडी ने आठ दिनों की रिमांड की मांग की थी। बता दें कि बुधवार को आलमगीर आलम की छह दिनों की रिमांड अवधि पूरी हो गयी, जिसके बाद उनको कोर्ट में पेश किया गया। मालूम हो कि 15 मई की शाम इडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। उसके पहले छह मई को इडी ने आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद नौकर के आवास से 32 करोड़ से अधिक कैश बरामद हुए थे।

**इडी ने रिमांड याचिका में लगाये आरोप :** आलमगीर आलम की रिमांड अवधि बढ़ाने की याचिका में इडी ने आरोप लगाया है कि आलमगीर आलम को पैसे देने के लिए कोड वर्ड का इस्तेमाल होता था। रिश्वत की रकम की गणना के लिए डायरी में कोड वर्ड 'एम' और 'एच' का इस्तेमाल किया गया था। 'एम' का मतलब मिनिस्टर और 'एच' का मतलब ऑनरेबल था। इसके अलावा अन्य सभी के लिए भी कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था। इसी तरह 'एस' का मतलब संजीव लाल, 'टीसी' का अर्थ टेंडर कमेटी और 'सीइ' का मतलब है चीफ इंजीनियर। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि उसके हाथ लगी एक्सेल शीट के तीसरे पन्ने में विभागवार कमीशन का हिसाब लिखा है। इस शीट में टेंडर की कुल राशि, कमीशन की राशि और मंत्री की हिस्सेदारी का ब्योरा है।

इडी ने कहा है कि उसके द्वारा बरामद दस्तावेज में ठेकों के लिए एलओए (लेटर ऑफ एक्सेप्टेशन) जारी होने पर ही कमीशन मिलने का उल्लेख है। बीते जनवरी महीने में 25 छोटे-छोटे ठेकों के बाद ही मंत्री आलमगीर आलम के लिए 1.23 करोड़ रुपये कमीशन के तौर पर मिलने का जिक्र डायरी के एक पन्ने में है। इडी के अनुसार कुल 223.77 लाख रुपये की उगाही नौ से 19 जनवरी तक जारी इन 25 टेंडरों में की गयी, जिसमें 123.20 लाख रुपये का कमीशन मंत्री आलमगीर आलम का है।

इडी ने दावा किया है कि यह तीन हजार करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है। इस घोटाले में अर्जित रुपये विदेश भी भेजे गये हैं। इडी ने साक्ष्यों के आधार पर बताया है कि ग्रामीण विकास विभाग के टेंडरों से एक निश्चित कमीशन वरिष्ठ मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाता था। छह मई को मंत्री के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान इडी ने 37.54 करोड़ रुपये नगद जब्त किये थे, जो ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवंटित निविदाओं में कमीशन से प्राप्त आय थी। बरामद रुपया मंत्री आलमगीर आलम का था। एसीबी में दर्ज केस के आधार पर इडी ने जांच शुरू की थी। जांच के दौरान इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। उस समय पता चला कि घोटाला एक सौ करोड़ रुपये का था। अब यह घोटाला तीन हजार करोड़ रुपये का है। इडी का मानना है कि पैसा बांग्लादेश और अन्य देशों में भी भेजा गया था। मंत्री का एक भाई बांग्लादेश में रहता है, जो चावल मिल और कई अन्य उद्यम चलाता है।

**आलमगीर आलम जांच में नहीं कर रहे सहयोग**

इडी ने रिमांड याचिका में कहा है कि आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इडी के अनुसार जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेजों, रिकॉर्डों से नये तथ्य सामने आये हैं, जिनका आलमगीर से आमना-सामना कराने की जरूरत है। डिजिटल रिकॉर्ड भारी मात्रा में है। विभिन्न डिजिटल उपकरणों से डाटा निकालने का काम अभी भी जारी है।



### आइएएस मनीष रंजन को इडी ने भेजा समन

- टेंडर कमीशन के खेल में शामिल होने का आरोप, 24 मई को होगी पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम के बाद अब आइएएस अधिकारी मनीष रंजन को इडी ने समन भेजा है। उन्हें 24 मई को पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया है। इडी को जो दस्तावेज मिले हैं, उसमें किसी मनीष का जिक्र था। इसके बाद इडी को शक हुआ है कि यह तत्कालीन ग्रामीण विकास सचिव और वर्तमान में भवन निर्माण सचिव मनीष रंजन हो सकते हैं। इडी के अनुसार, ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर कमीशन घोटाले में चीफ इंजीनियर से लेकर मंत्री आलमगीर आलम तक कमीशन फिक्स था। टेंडर से मिले कमीशन के रुपये बांटने के लिए सिंडिकेट के लोग कोडवर्ड का इस्तेमाल करते थे। इस मामले में गिरफ्तार संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर की 14 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी दौरान कोर्ट में इडी ने एक्सेल शीट में कमीशन का पूरा ब्योरा पेश किया है।**



#### कौन हैं मनीष रंजन

डॉ मनीष रंजन 2002 बैच के यूपीएससी टॉपर और गोल्ड मेडल प्राप्त अधिकारी हैं। झारखंड राज्य के छह जिलों में उपायुक्त रहे मनीष रंजन को अपने उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री की ओर से लगातार दो वर्षों तक मनरेगा उत्कृष्टता पुरस्कार और राष्ट्रपति की ओर से निर्मल ग्राम पुरस्कार मिल चुका है।

---

हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

# अदालत ने कहा, आपने जरूरी तथ्य छिपाये

- लोकसभा चुनाव प्रचार में शामिल नहीं हो सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल को फटकार लगायी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अवकाश पीठ ने कहा कि इडी ने मामले की चार्जशीट दायर कर दी है। इसका संज्ञान ट्रायल कोर्ट ले चुका है, लेकिन याचिका में यह तथ्य है ही नहीं। आपने तथ्य क्यों छिपाये। कोर्ट ने सिब्बल को चेतावनी दी कि अगर कोर्ट मामले के डिटेल में जायेगा, तो इससे सोरेन को नुकसान होगा। कोर्ट ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि आपका मुवक्किल स्पष्ट बातें बतायेगा, लेकिन आपने अहम तथ्य छिपाये। मामले में कई महत्वपूर्ण डेवलपमेंट हो चुके हैं। आपको हाइकोर्ट जाना चाहिए। कोर्ट की फटकार के बाद कपिल सिब्बल ने याचिका वापस ले ली। हालांकि उन्होंने अपने बचाव में कहा कि हेमंत हिरासत में हैं। उन्हें कोर्ट में दायर की जा रही याचिकाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

दरअसल, हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के खिलाफ लगायी गयी याचिका को लेकर कहा था कि उन्हें लोकसभा चुनाव का प्रचार करना है। इसके लिए उन्होंने दिल्ली के सीएम केजरीवाल को मिली जमानत का हवाला दिया था। कपिल सिब्बल के याचिका वापस लेने से अब साफ हो गया है कि हेमंत सोरेन लोकसभा चुनाव का प्रचार नहीं कर सकेंगे। हेमंत सोरेन को इडी ने 31 जनवरी को जमीन घोटाले और मनी लांड्रिंग के आरोप को लेकर गिरफ्तार किया था।



### इडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, हेमंत पांच घोटालों की जांच के दायरे में हैं

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि भूमि घोटाले के अलावा एजेंसी द्वारा जांच की जा रही कम से कम चार घोटालों में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच की जा रही है। हेमंत ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। इडी ने याचिका पर जवाब देते हुए हलफनामा दाखिल किया। इसमें इस बारे में विस्तार से चर्चा की गयी है। इडी ने मनरेगा घोटाला, अवैध खनन घोटाला, ग्रामीण विकास विभाग में धन का दुरुपयोग, टेंडर घोटाला और जमीन कब्जा घोटाला का जिक्र करते हुए, इन सभी में हेंमत सोरेन की भूमिका का जिक्र किया है। उसने यह भी कहा है कि इडी ने कम से कम 11 मामलों का विवरण राज्य सरकार के साथ साझा किया है। इसकी स्थिति जानने के लिए अनुस्मारक भी भेजे गये थे, लेकिन आज तक, झारखंड राज्य द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।**

### इडी ने सुप्रीम कोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन को बड़ा साजिशकर्ता बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दावा किया कि झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन झारखंड में 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन घोटाले सहित बड़े घोटाले की जांच कर रही एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने में शामिल थे। एजेंसी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए अपने हलफनामे में यह खुलासा किया। एजेंसी ने आगे दावा किया कि उसके पास इस संबंध में महाधिवक्ता की संलिप्तता के सबूत हैं। एजेंसी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य मशीनरी का दुरुपयोग किया और अवैध खनन घोटाले में एजेंसी के गवाह विजय हांसदा से इडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी। झारखंड पुलिस ने भी इडी अधिकारियों के खिलाफ अदालत के समक्ष विजय हांसदा का बयान दर्ज कराया। इडी ने हलफनामे में कहा, महाधिवक्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और पूरी प्रक्रिया उनकी देखरेख में हुई और इस आशय के सबूत उपलब्ध हैं। राजीव रंजन के आचरण पर सवाल उठाते हुए इडी ने कहा कि राज्य के सर्वोच्च विधि अधिकारी होने के नाते महाधिवक्ता ने हेमंत सोरेन का बचाव भी किया और उनकी पेशी और रिमांड के दौरान उनके पक्ष में दलीलें दीं। बता दें कि जनवरी में इडी ने हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था।



गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले हेमंत सोरेन ने झारखंड के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि इडी ने विजय हांसदा द्वारा दर्ज अवैध पत्थर खनन के मामलों में से एक को अपने हाथ में लिया था। यह उन अवैध खनन मामलों में से एक है, जिसकी इडी जांच कर रही है। बाद में शिकायतकर्ता विजय हांसदा नाटकीय अंदाज में अपने बयान से पलट गये और उन्होंने इडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा और सहायक अधिकारी अनुपम कुमार के खिलाफ आइपीसी और एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआइआर दर्ज करायी। दिसंबर 2022 में इडी ने झारखंड हाइकोर्ट को बताया कि राजीव रंजन और हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ ??पिंटू ने अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच और हिरासत के दौरान पंकज मिश्रा से पूछे गये सवालों के बारे में जानने के लिए इडी के खिलाफ जासूसी करने की योजना बनायी थी। उन्होंने पंकज मिश्रा से पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान पूछे गये सवालों के बारे में जानने के लिए गुप्त रूप से एक वकील को इडी कार्यालय भेजने की योजना बनायी थी।

www.epaper.azadsipahi.in

23 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 212

बेरोजगारी और महंगाई पर कुछ नहीं बोलते मोदी



A Media Marketing Initiative



मजदूर नेता स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह

# धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्यार व स्नेह ने मुझमें नवीन ऊर्जा का संचार किया है, इसी ताकत के कारण हर दिन 70-80 जनसंपर्क सभाएं कर रही हूं: अनुपमा सिंह

## देश और झारखंड को बचाने के लिए इंडिया महागठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट करें : कल्पना सोरेन

### कांग्रेस का घोषणा पत्र

- 30 लाख सरकारी नौकरी
- अग्निवीर स्कीम खत्म होगा
- किसानों का कर्ज माफ होगा
- किसानों को MSP की कानूनी गारंटी
- 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा
- महिलाओं को हर महीने ₹8,500
- सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50% आरक्षण
- 10 किलो अनाज हर महीना
- नारी न्याय अधिकार मैत्री




**धनबाद लोकसभा क्षेत्रीय भूमिहार ब्राह्मण सम्मेलन में विजयभव का मिला आशीर्वाद**

दिनांक 22.05.2024 को आर एस पैलेस, झरिया में धनबाद लोकसभा क्षेत्रीय भूमिहार ब्राह्मण सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर समाज के लोंगो ने स्वच्छ एवं बेदाग महिला प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी तथा सर्वसम्मति से विजय होने का आशीर्वाद भी प्रत्याशी को दिया गया। जिसकी अध्यक्षता राम कुमार सिंह चौधरी ने की एवं संचालन श्री श्याम किशोर शाही ने किया। सभा को एस के शाही, सुबोध कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, उमा शंकर शाही, राजेश कुमार उर्फ बब्लू सिंह, जुगल किशोर शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, बाल कृष्ण मुरारी, अमित कुमार ओझा, राजू राय आदि हजारों लोग थे।

हाथ बदलेगा हालात




### सकारात्मकता के लिए कांग्रेस का साथ दें : अनूप सिंह

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र एक बार कांग्रेस को मौका दें, हर हाल में किसान, मजदूर, व्यवसायी, विद्यार्थी और सभी वर्ग के लोगों के लिए काम होगा. क्योंकि कांग्रेस बिखराव की बात नहीं करती, कांग्रेस एकजुटता की बात करती है. सभी को साथ लेकर चलती है. धनबाद और बोकारो के मजदूर, किसान, व्यवसायी और नौजवान भाइयों की बेहतरी के लिए काम होगा.





### उच्च शिक्षा और रेल की समस्याएं होंगी दूर

अपने जनसंपर्क के दौरान श्रीमती अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जात-पात की नहीं, बल्कि जमात की राजनीति करती है. उन्होंने कहा कि धनबाद और बोकारो जिले के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी. खासकर लड़कियों के लिए उनके इलाके में महिला कॉलेज होगा, ताकि उनके उच्च शिक्षा पर ग्रहण ना लग सके. धनबाद और बोकारो से बड़े शहरों के लिए सीधी रेल सेवा की व्यवस्था होगी. व्यवसायी भाइयों से यह कहना चाहूंगी कि हर हाल में उनके साथ खड़ी रहूंगी, ताकि उनके ऊपर कभी कोई परेशानी नहीं हो.

## हाथ बदलेगा हालात

धनबाद लोकसभा चुनाव की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि धनबाद की जनता से मिल रहे प्यार व समर्थन ने नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। धनबाद लोकसभा की जनता से मिल रहे समर्थन का ही परिणाम है कि एक दिन में 70 से 80 जनसभा, नुक्कड़ सभा, रैली, जनसंपर्क तथा अन्य कार्यक्रम कर रही हूं। मेरी इच्छा तो धनबाद के प्रत्येक नागरिकों से संपर्क करने की है। लेकिन समय की सीमा के कारण ऐसा नहीं कर पा रही हूं। मेरे पति व बेरमो विधायक अनूप सिंह भी मेरे लिए जनसंपर्क तथा अन्य चुनावी गतिविधियें में मेरा सहयोग कर रहे है। धनबाद के सभी गठबंधन के लोग मेरे साथ रात दिन लगे हुए है। कांग्रेस एकजुट होकर काम कर रही है। यही एकजुटता हमारी ताकत है। मैं धनबाद की जनता से यह वादा करती हूं कि चुनाव में जीत के बाद हर क्षेत्र के लोगों से विजय का आशीर्वाद लेने आऊंगी।

**धनबाद को रंगदारी व आतंक से दिलाऊंगी मुक्ति**

अनुपमा सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने ही देश को आजादी दिलाई है। सुशासन भी कांग्रेस की ही देन है। धनबाद की जनता रंगदारी से भयभीत व आतंकित है। चुनावी जनसंपर्क में धनबाद की जनता कहती है कि धनबाद की स्थिति ठीक नहीं है। यहां कारोबार करने का माहौल नहीं रह गया है। लोग पलायन करने लगे हैं। मेरा वादा है कि सांसद बनने के बाद मेरा पहला काम धनबाद को रंगदारों के मुक्त कराना होगा। देश भर में धनबाद की जो बदनामी हो रही है उससे मुक्ति दिलाऊंगी। इसके लिए जरूरी है कि धनबाद की जनता मुझे वोट देकर चुनाव में विजयी बनाए। कांग्रेस की 5 न्याय एवं 25 गारंटी से हर तबके के हालात बदलेंगे।

**प्रदूषण व विस्थापन की समस्या का होगा समाधान**

अनुपमा सिंह ने कहा कि धनबाद कोयला नगरी है। झरिया तथा आस-पास के क्षेत्रों में कोयला के कारण प्रदूषण की समस्या विकराल है। कोयले में लगी आग तथा भू-धंसान के कारण विस्थापन का खतरा है। सांसद बनने के बाद प्रदूषण की समस्या से भी धनबाद जिले को मुक्त करने के लिए हर संभव उपाय करूंगी। धनबाद से लेकर दिल्ली तक इसके लिए लड़ाई लड़ी जाएगी।

धनबाद में विस्थापन की भी समस्या है। झरिया कोयलांचल के एक लाख से भी अधिक परिवार विस्थापन की जद में है। इसके पुनर्वास के लिए झरिया एक्शन प्लान बनाया गया था। दस साल से भी अधिक गुजर गए लेकिन चार हजार परिवारों को भी नहीं बसाया जा सका है। सांसद बनने पर लोगों के पुनर्वास के लिए प्रयास किया जाएगा। मेरा दावा है कि पुनर्वास के काम में तेजी आएगी। पानी की समस्या की निराकरण के लिए और जलमीनार बनाए जाऐंगे।



### मेरी प्राथमिकताएं

- धनबाद से दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और अन्य महानगरों के लिए सीधी रेल सेवाएं
- एयरपोर्ट एवं सुव्यवस्थित सड़क सुविधा।
- स्वच्छ जल घर-घर पहुँचाना।
- 24 घंटे बिजली आपूर्ति
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें
- प्रदुषण मुक्त धनबाद
- युवाओं के लिए रोजगार
- महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाना।
- आधारभूत संरचना एवं काया कल्प को नवीनतम और सुदृढ़ बनाना जिससे विकास हो सके।
- दिल में है बस एक सपना, पलायन मुक्त हो क्षेत्र अपना
- बच्चों और युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था
- सहारा इण्डिया के निवेशकों के पैसो वापस कराना







## बोकारो में उमड़ा जनसैलाब, 10 हजार से अधिक बाइकर्स ने बाईक रैली निकालकर दिया अनुपमा सिंह को समर्थन

**इंडिया महागठबंधन के घोषणा से अम्बेडकर मिशन, दलित-शोषित मुक्ति मंच व रसोईया संघ के सदस्य खुश, अनुपमा सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने का किया ऐलान**

धनबादः बुधवार 22 मई को होटल ब्लैक रॉक स्थित कांग्रेस के चुनावी कार्यालय में सामाजिक संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ अम्बेडकर मिशन, दलित-शोषित मुक्ति मंच व झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ की संयुक्त रूप से बैठक हुई। बैठक में धनबाद संसदीय क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अम्बेडकर मिशन के अध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने की, जबकि संचालन शिव बालक पासवान ने किया। बैठक में मिशन के महासचिव सह रसोईया संघ के जिलाध्यक्ष महेश्वर प्रसाद ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्कीमों के तहत कार्य करने वाले स्कीम वर्करों का न्यूनतम मजदूरी व कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने तथा श्रम कानूनों में मजदूरों के अधिकारों को मोदी सरकार द्वारा खत्म किया गया है। इसे इंडिया गठबंधन का केंद्र में सरकार बनने पर पुनर्बहाल किए जाने की घोषण की गई है। इस घोषणा से सारे लोग एवं हमारे संगठन के सदस्य काफी खुश हैं। इसलिए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। अन्य वक्ताओं ने भी भारत के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए मोदी सरकार को उखाड़ फैंकने और इंडिया महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से लालधारी रजक, सिद्धेश्वर राम, बबन पासवान, अशोक पासवान, सखी दास, शिवपूजन पांडेय, पुनम देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, गुलाबी देवी, कैलाश साव, मुकेश पासवान, पार्वती देवी, बिजली देवी, झूनिया देवी, मेनका देवी, कुण्डला देवी, बसंती देवी, रूपा देवी, रुकमनी देवी, मीरा देवी, मालती देवी, सुशीला देवी आदि ने अपना विचार रखा।




**अनुपमा सिंह की अपील : 25 मई को मतदान करना ना भूलें, अपने बूथ पर जायें और क्रम सं. 1 हाथ छाप पर वोट कर कांग्रेस को समर्थन दें**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 मई, 2024
www.azadsipahi.in




### इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचार पर भाजपा ने किया कड़ा प्रहार

# इंडी गठबंधन ने कोडवर्ड के जरिये राज्य को बेच दिया : अरुण उरांव

**सीएम से मांगा जवाब, आलम के मामले में चुप क्यों?**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव ने हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बात करते हुए भ्रष्टाचार को लेकर इंडी गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया। कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर इंडी एलाइंस ने नया कोड वर्ड दिया। कोड वर्ड के हिसाब से पैसे लिये जाते थे। रेट के हिसाब से फाइल, फोल्डर और बॉस नाम दिये गये थे। इसका उपयोग पैसे की उगाही के लिए किये गये।

डॉ उरांव ने कहा कि इंडी एलाइंस ने कोड वर्ड के माध्यम से झारखंड को बेच दिया। मंत्री के करीबी के यहां से नोटों का पहाड़ मिला। कांग्रेस और जेएमएम के लिए कोड वर्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार करना नया नहीं है।

इडी ने टेंडर में कमीशन लेने की विस्तृत जानकारी कोर्ट को दी है। चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार करने के बाद इडी ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में वीरेंद्र राम ने मंत्री को तीन करोड़ रुपये कमीशन देने की बात स्वीकारी। इसके बाद ही इडी ने कार्रवाई की।

भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने और नोट बरामद होने के बाद भी आलमगीर आलम में नैतिकता नहीं बची है। पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री को इसका संज्ञान लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी जनता उन्हें करारा जवाब देगी। इंडी एलाइंस की कारगुजारियों को देखते हुए उन्हें नया नाम हिज मास्टर करप्ट एलाइंस देना उचित होगा। कहा कि न्यायालय से भी हेमंत सोरेन को जमानत नहीं मिल रही है। इससे स्पष्ट होता है कि उन पर भ्रष्टाचार के कितने गंभीर आरोप हैं। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में संजय सेठ के पक्ष में मांगा वोट



**संकल्प के साथ मोदी जी के हाथों को मजबूत करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के कांके विधानसभा अंतर्गत ठाकुरगांव मंडल, बुढ़मू, खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील की। दलित बस्तियों के भ्रमण कर चुनावी कार्यालय मे बैठक की। प्रमंडल प्रभारी उपेंद्र रजक, ग्रामीण जिला संगठन प्रभारी युवराज पासवान, रामकुमार दुबे ने सभी मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से कहा कि अगामी 25 मई को होने वाले मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को घरों से निकालने में सहयोग करें। संकल्प के साथ मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। मौके पर लक्ष्मीनारायण भारती, अखिलेश सिंह, मुकेश साव, राजू सिंह, सहानंद यादव, जगलाल महतो, अर्जुण महतो, लक्ष्मण महतो, राजू गोस्वामी, नंदलाल पाहन समेत अन्य मौजूद थे।

## सेंटेविटा में कर्मियों के बच्चों के लिए इवेंट पार्टी




रांची (आजाद सिपाही)। सेंटेविटा अस्पताल ने कर्मियों के बच्चों के लिए सालाना चैरिटी इवेंट का आयोजन किया। चैरिटी इवेंट में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही बच्चों को उपहार भी बांटे गये। सेंटेविटा की रेशमा साहू भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## राजधानी में चुनाव ड्यूटी में जा रही बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में जा रही बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। यह घटना बुधवार की शाम में अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित पावर हाउस के पास हुई। चुनाव ड्यूटी में जा रही गौतम बस ने सहजानंद चौक की तरफ बाइक से जा रहे युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये। इस घटना के बाद हरमू रोड में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

## शहीद शेख भिखारी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




रांची (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर से पिठोरिया चौक तक मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के सभी व्याख्याताओं और छात्रों ने भाग लिया। मतदाता जागरुकता संबंधित नारों के बीच मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी।

# भारत विश्वगुरु बनने को अग्रसरः कुलपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय दार्शनिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दर्शनशास्त्र सभी विषयों की जननी है। भारत प्राचीन काल में गौतम बुद्ध के समय विश्वगुरु के रूप में जाना जाता था और जो भारत अतीत में विश्वगुरु था, उसे विद्यार्थी अपने प्रयासों के द्वारा भविष्य में भी विश्व गुरु बनाने में अपना सार्थक योगदान दें। मुख्य वक्ता श्यामल किशोर ने बताया कि शंकराचार्य एक धरती, एक परिवार और मानवतावाद के सिद्धांत के पुरोधा हैं। उन्होंने भारतीय दर्शन को प्राचीन काल से ही एक दिशा निर्देशक के रूप में माना। उन्होंने शंकराचार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि वे न तो परंपरावादी थे, न स्थिरवादी, बल्कि वह परिवर्तन में विश्वास रखते थे। मौके पर एचपी नारायण, सरस्वती मिश्रा, आभा झा, धनंजय वासुदेव द्विवेदी, पंकज कुमार, विनोद कुमार, रेखा झा, अनूप प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

## सेल की मानव संसाधन पर संगोष्ठी आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड 23 और 24 मई को रांची में पहला एचआर कॉन्क्लेव आयोजित करेगा, जिसमें सभी सेल संयंत्रों और इकाइयों के 100 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता सेल के निदेशक कार्मिक केके सिंह करेंगे और इसमें संयंत्रों और इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश भी वर्चुअल मोड में सभा को संबोधित करेंगे।

# खेल के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेंगे : धर्मेंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि अगर रांची की जनता उन्हें आशीर्वाद देती है, तो खेल के क्षेत्र में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आधारभूत ढांचा जब विकसित हो जायेगा, तब एक से एक प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आयेंगे। उन्होंने स्वस्थ मनोरंजन के लिए ओपेन एयर थियेटर की वकालत की।

## शिक्षकों को ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति दी जायेः झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह और अमीन अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा सचिव से मिला। शिक्षकों के ग्रेड 4 से ग्रेड 7 तक में प्रोन्नति देने में आ रही समस्या के समाधान की मांग की। प्राथमिक शिक्षा अवर सचिव जागो चौधरी से भी संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। आग्रह किया गया कि 93 नियमावली के तहत जिन शिक्षकों की सूची जारी हुई है, उनको ग्रेड 4 से ग्रेड 7 तक की प्रोन्नति दी जाये। मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि रांची जिला के मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के 294, पश्चिमी सिंहभूम में 160 पद रिक्त हैं। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों में भी प्रधानाध्यापक नहीं हैं। संयुक्त सचिव नंदकिशोर ने उक्त मामले पर संबंधित डीएसइ से बात की। समाधान पर निर्देश दिया। शिष्टमंडल ने शहरी क्षेत्र से आठ किलोमीटर परिधि में आने वाले विद्यालय के लिए विद्यालय को 18 प्रतिशत की दर से आवास भत्ता देने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक से चर्चा की गयी। मौके पर अजय कुमार, पंकज कुमार, अरुण कुमार, राकेश श्रीवास्तव, पंकज दुबे, ब्रजेश मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

# मक्का के माल लदान में पूर्व मध्य रेल का नया कीर्तिमान

**चालू वित्त वर्ष में 20 मई तक मक्के के 172 रेक का किया गया लदान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** मक्का के लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के 20 मई तक 172 रेक मक्का का लदान किया गया, जिससे 62.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूरे वर्ष में पूर्व मध्य रेल द्वारा 311 रेक मक्के का लदान किया गया था। इससे 146 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

बता दें कि मक्का का लदान पूर्व मध्य रेल के सोनपुर और समस्तीपुर मंडल से मुख्यतः उत्तरी भारत के अंबाला, रूद्रपुर आदि स्टेशनों, दक्षिण भारत के इरोड और तिरूपुर स्टेशन के लिए किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई तक सोनपुर मंडल द्वारा 100 रेक का लदान किया गया है, जिससे 35 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में 189 रेक के लदान से 85 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में 20 मई तक समस्तीपुर मंडल द्वारा 72 रेक का लदान किया गया है, जिससे 27.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पूरे वर्ष में मक्के के 122 रेक के लदान से 61 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

# भ्रष्टाचारी कांग्रेस जनता के पैसे का उपयोग परिवार को आगे बढ़ाने के लिए कर रही: सीपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में ओझा मार्केट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसमें विधायक सीपी सिंह, सत्यनारायण सिंह भी शामिल हुए। सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार में कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ भ्रष्टाचार में लिप्त है। झारखंड के जल, जंगल, जमीन, बालू, पत्थर सब इन्होंने लूट लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने कहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अब चंपाई सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। घुसपैठियों पर लगाम नहीं है। झारखंड को लूट का चारागाह बना दिया। पदयात्रा में ललित नारायण ओझा, मुकेश मुक्त, भीम प्रभाकर, हरेंद्र सिंह, संजीव चौधरी, जीतेंद्र पांडेय, बैजू सोनी, सीमा मिश्रा, मंजू चौरसिया, राजेश शाह, राधा कुमारी समेत अन्य शामिल हुए।

# गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी

### बुद्ध ने करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने को प्रेरित कियाः डॉ रामेश्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर 22 मई को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के बरियातू आवास पर गौतम बुद्ध की जयंती मनायी गयी। वित्त मंत्री सपरिवार शामिल हुए। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष 108 दीप जलाये गये। दार्जिलिंग से आये लामाओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध महानतम आध्यत्मिक गुरुओं में से एक थे। भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा दिये गये उपदेश, संदेश नैतिक मूल्यों के अलावा संतोष पर आधारित जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करते हैं। मौके पर निशा उरांव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि सुख और दुख जीवन के रंग हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का पालन करने का आज संकल्प लिया जाता है और उनकी पूजा अर्चना की जाती है।

**इनकी रही उपस्थिति :** एसके तमांग, सुमन प्रधान, मेहुल दुबे, धीरज राय, ज्योति राय, नवनीत प्रधान, रत्नावती सपना राय, मुन्ना गुरुंग समेत अन्य उपस्थित थे।

# प्रियंका गांधी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**प्रियंका गांधी का युवा कांग्रेस महासचिव और रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने किया स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की धरती राजधानी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का स्वागत युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने इस मौके पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता से कहा कि पूरे तन-मन, धन लगाकर एवं समर्पित होकर रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर कांग्रेस को मजबूत करें। प्रियंका गांधी ने युवा कांग्रेस पदाधिकारियों से 'करो या मरो' के नारे को चरितार्थ करने का आह्वान किया।

उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। प्रियंका गांधी ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ता बनाने और सोशल मीडिया पर एक्टिविटी बढ़ाने का मंत्र दिया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से डोर-टू-डोर न्याय घोषणा पत्र बांटने के लिए कहा। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता बनाने और सोशल मीडिया पर एक्टिविटी बढ़ाने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हर रोज पोस्ट करें। प्रियंका गांधी ने युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ कमेटी बनायें और हर एक्टिविटी को लेकर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें। उन्होंने मजबूत बूथ कमेटी बनाने और हर बूथ कमेटी को हर गली-मोहल्ले में प्रचार करने के लिए कहा। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह हजारों किलोमीटर पैदल चलकर देश के हर तबके के लोगों से मिले। लोगों की समस्याएं जानीं। तब कहीं जाकर कांग्रेस का न्याय घोषणा पत्र तैयार किया। इसमें गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के हितों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि 10 साल देख लिया, अब बदलाव चाहिए, युवा एवं शिक्षित रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जिताइए। रांची लोकसभा की जनता बदलाव चाहती है इसीलिए युवा कांग्रेस को रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत को सुनिश्चित करना है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में आवाज वॉयस फॉर वोट का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की सक्रियता बढ़ाने हेतु के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रोटरेक्ट क्लब एंड वॉयस ऑफ भारत के संयुक्त तत्वावधान में उप विकास आयुक्त कार्यालय रांची द्वारा स्पीच एंड डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 25 मई को रांची में होने वाले मतदान में युवा मतदाताओं एवं रांची के समस्त मतदाताओं को मतदान प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने कॉलेज को मतदाता जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। साथ ही महाविद्यालय के चुनावी साक्षरता क्लब को समस्त साक्षरता क्लब में श्रेष्ठ क्लब का पुरस्कार दिया गया। चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल डॉ. आशुतोष पांडेय को स्वीप रांची के साथ निरंतर सहयोग करने एवं चुनावी साक्षरता बढ़ाने हेतु उनके निरंतर सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

कॉलेज के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपविकास आयुक्त रांची दिनेश यादव एवं अनुमंडल पदाधिकारी रांची उत्कर्ष कुमार , महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. एन लकड़ा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बीके सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गोड्डा के कांग्रेस उम्मीदवार के भाई के खिलाफ शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोड्डा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव के खिलाफ भाजपा चुनाव से शिकायत की। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचा। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि दुमका जिला के सरैयाहाट थाना के जोकेला गांव में नीलकंठ यादव नामक व्यक्ति की हत्या हो गयी थी और तब प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव उस गांव में नीलकंठ यादव के घर पहुंच गये। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि दिलीप यादव किसके कहने पर नीलकंठ यादव के घर गये थे। 2005 से ही येन केन प्रकारेण दिलीप यादव का हमेशा चुनाव के समय गोड्डा तबादला कर दिया जाता है। इसकी भी जांच होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में ज्योति आनंद, बिपिन कुमार, अनुराधा मोदी शामिल थे।

www.epaper.azadsipahi.in

23 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 212

कलकत्ता हाइकोर्ट ने 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट को किया रद्द



### रांची और गोड्डा में प्रियंका ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा

# बेरोजगारी और महंगाई पर कुछ नहीं बोलते मोदी

- कांग्रेस महासचिव ने कहा, कल्पना को छोटी बहन और नारी शक्ति का प्रतीक मानती हूं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/गोड्डा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि संविधान ही आपको सारे अधिकार देता है। शिक्षा और आरक्षण का अधिकार देता है। आज जनता के सामने महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याएं हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। आज शिक्षित युवक बेरोजगार हैं। अगर इन सबको रोजगार मिल जाये तो हम चीन से मुकाबला कर सकते हैं। हर चीज महंगी हो गयी है। जीएसटी से सभी परेशान हैं। चंद्रयान मिशन का क्रेडिट मोदी जी लेते हैं, लेकिन उस मिशन को पूरा करने वाले इंजीनियर और अन्य लोगों के योगदान का जिक्र नहीं किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जी आज आपके सामने आते हैं, तो बेरोजगारी और महंगाई पर कुछ नहीं बोलते हैं। प्रियंका गांधी बुधवार को रांची और गोड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की। रांची से तेजस्विनी सहाय और गोड्डा से प्रदीप यादव कांग्रेस प्रत्याशी हैं। प्रियंका की सभा में गोड्डा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, गोड्डा के प्रत्याशी प्रदीप यादव समेत अन्य नेता मौजूद थे। वहीं रांची में मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य नेता मौजूद थे।

**हेमंत सोरेन को फर्जी केस में जेल भिजवाया:** प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां हमेशा आपको मजबूती देने के लिए रही हैं। भाजपा सरकार आपको नहीं जानती और उचित नीतियां नहीं बना पा रही है। आपके मुख्यमंत्री को फर्जी बयानों और मुकदमों के आधार पर चुनाव से पहले जेल भेजा गया है। उनके खिलाफ दायर मामला कभी भी सच नहीं हो सकता। आप उनके बिना चुनाव लड़ने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोचा होगा कि वह हेमंत सोरेन को जेल में डाल कर आसानी से चुनाव जीत लेंगे, लेकिन आज कल्पना सोरेन हेमंत जी की लड़ाई लड़ रही हैं। वो शेरनी की तरह सभी समस्याओं का सामना कर रही हैं। मैं उन्हें अपनी छोटी बहन और नारी शक्ति का प्रतीक मानती हूं।



### मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ खरबपतियों के लिए

प्रियंका गांधी ने कहा कि देश खरबपतियों के लिए चल रहा है। मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ चुनिंदा खरबपतियों के लिए बनायी गयी हैं। नये संसद भवन बनाने के लिए करोड़ों का फंड है, लेकिन किसानों और आम आदमी के लिए फंड नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पर कई मुकदमे किये गये। उनको संसद से निकाल दिया। अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। कांग्रेस के खाते बंद कर दिये। न्यायपालिका पर हमला किया, उनको कमजोर कर दिया। सारे मीडिया चैनल को इनके खरबपति मित्रों ने खरीद लिया है। अगर ये सत्ता में आयेंगे तो ये संविधान को बदल देंगे। ये आपके आरक्षण को कमजोर करेंगे। आपके अधिकारों को कम करेंगे। आज इस देश में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने के लिए सिर्फ जनता है और विपक्ष के नेता हैं।

### वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लिया

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इलेक्टोरल बांड की स्कीम निकाल कर मोदी सरकार ने भाजपा के लिए भारी मात्रा में चंदा जमा किया। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से चंदा लिया। आज हम घबरा रहे हैं कि हमने कौन सी वैक्सीन लगवायी है, हमारी जिंदगी का अब क्या होगा। मोदी जी ने कौन सी वैक्सीन लगवायी है, ये हमें नहीं पता।

### हेमंत सोरेन को षडयंत्र के तहत भाजपा ने जेल भिजवाया, जेल की चाबी आपके हाथ: कल्पना



गोड्डा (आजाद सिपाही)। गोड्डा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने सांसद निशिकांत दुबे का नाम लिये बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो व्यक्ति महिला का सम्मान नहीं कर सकता, वो जनप्रतिनिधि नहीं बन सकता। इस बार का चुनाव भाजपा बनाम जनता के बीच का है। उन्होंने कहा कि यहां से गोड्डा की जनता के प्रत्याशी के रूप में प्रदीप यादव चुनाव लड़ रहे हैं। आपने देखा होगा भाजपा चुनाव के हर चरण में अपना नारा बदल रही है। आखिरी चुनाव से पहले ही भाजपा को पता चल जायेगा कि उनका सूपड़ा साफ हो गया है। यही कारण है कि चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल में डाल दिया। निशिकांत का नाम लिये बिना उन्होंने कहा कि गोड्डा से भाजपा के प्रत्याशी बहुत बड़बोले हैं। जो व्यक्ति एक महिला विधायक, झारखंड के मंत्री, एक जनप्रतिनिधि की इज्जत नहीं कर सकता, वो गोड्डा का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता। कल्पना ने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, युवा, महिला, किसान, मजदूर के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए, पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड आदि के लिए आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी को दिल्ली भेजने का काम करें। यह गठबंधन की ही सरकार है, जो झारखंडी जन भावनाओं से जुड़े मुद्दों को पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा कि जिस जेल में हेमंत बंद हैं, उस जेल की चाबी आप सभी लोगों के हाथ में है। आप आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार दिल्ली में बनायेंगे तो आपके हेमंत भी भाजपा के षड्यंत्र से मुक्त हो आपके बीच होंगे। उन्होंने झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं, हम इंडिया वाले दिल्ली आ रहे हैं, की हुंकार भरी।

### असम के मुख्यमंत्री ने चंदनक्यारी में जनसभा को किया संबोधित

# भ्रष्टाचार करने वालों का पता जेल होगा: हिमंता विस्वा सरमा

- भाजपा सरकार बनने पर तीन लाख लोगों को रामलला का दर्शन कराने का किया वादा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने चंदनक्यारी में कहा कि यहां चार साल तक हेमंत की सरकार रही। नेताओं के घर से नोटों का पहाड़ मिल रहा, लेकिन युवा को नौकरी नहीं मिली। जो भी भ्रष्टाचार करेगा, उसका पता जेल ही होगा। झारखंड देश का सबसे समृद्ध राज्य है, लेकिन यहां की सरकार के कारण यहां का विकास नहीं हो रहा है। जब से असम में बीजेपी की सरकार बनी है, एक वर्ष में ही एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एमपी, छत्तीसगढ़, यूपी, असम में नौकरी मिल रही, लेकिन झारखंड में नहीं मिल रही है। जब झारखंड में हमारी सरकार बनेगी, तो झारखंड से तीन लाख लोगों को राम लला के दर्शन करवायेंगे।

**भाजपा है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे:** असम के सीएम ने कहा कि इस बार झारखंड में भी बीजेपी की सरकार बनानी है। तभी डबल इंजन की सरकार राज्य का बेहतर विकास करेगी। यहां की माताओं को एक रुपये का भी लाभ नहीं मिल रहा है, बस हेमंत सोरेन के परिवार को मिल रहा हैं, बालू घोटाला भी यहां व्याप्त है। आज यहां धर्मांतरण हो रहा है, लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही हैं। कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात कह रही है, लेकिन संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कहीं भी जिक्र नहीं है, जबकि सिर्फ अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों को आरक्षण मिलने का प्रावधान है। जब तक भाजपा है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।



### राम लला का दर्शन कराया जायेगा

हिमंता ने कहा कि असम में इस बार एक लाख लोगों को राम मंदिर का दर्शन करवाना है। जब झारखंड में हमारी सरकार बनेगी तो झारखंड से तीन लाख लोगों को राम लला के दर्शन करवाना है। जितना रोजगार राम मंदिर के कारण मिला है, इतना आज तक झारखंड की सरकार ने नहीं दिया है। हमारा भगवान कभी लेता नहीं है, सिर्फ देता है, इसलिए आज तक हिंदू है और जब तक सूरज और चांद रहेगा, तब तक हिंदू भी रहेगा। भाजपा धर्म पर वोट बैंक की राजनीति नहीं करने देगी। मोदी जी के नेतृत्व में नया झारखंड बनाना है। झारखंड में आलमगीर आलम जैसे लोगों को पकड़-पकड़ कर सख्त कार्रवाई करनी है। किसी को भी झारखंड का पैसा चूसने नहीं दूंगा।

## कांग्रेस से बदला लेने का वक्त है: शिवराज सिंह चौहान



**झरिया (आजाद सिपाही)।** मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये वो धरती है, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने जन्म लिया है। अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड बनाने का सपना देखा था। अटल जी ने झारखंड बनाया और मोदी जी झारखंड को संवार रहे हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं के पास करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। नेता लूट रहा है, मंत्री लूट रहा है। मुख्यमंत्री लूट रहा है। यहां के सीएम जेल में हैं। जो लूट हुई है, उसका बदला लेना है। अमीर धरती के लोगों को गरीब बनाने का काम कांग्रेस ने किया है। यहां रातों-रात पहाड़ के पहाड़ गायब हो जाते हैं। मैं आप लोगों को जगाने आया हूं। यह गठबंधन सरकार नहीं, बल्कि ठगबंधन सरकार है। चौहान बुधवार को झरिया में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।चौहान ने कहा कि मैं आज फिर से आपसे पूछना चाहता हूं कि झारखंड में जो हो रहा है, आपको गुस्सा नहीं आता है? आप दिल से बताइए आपको गुस्सा नहीं आता क्या? तकलीफ नहीं होती क्या? यह कैसा लोकतंत्र है? हमें लूट का बदला लेना है। आधा तो मोदी जी ने ले लिया है, क्योंकि मोदी जी ने कहा था कि मैं आऊंगा ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। इमानदारी से बताना अगर अगर मोदी जी देश के पीएम नहीं बने होते तो ये लोग जेल की सलाखों के पीछे होते क्या।! कांग्रेस ने खुले हाथों से देश को लूटा है। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने आलमगीर आलम पर भी निशाना साधा है।




## जुमलेबाजी करके सत्ता में है भाजपा: चंपाई

- मुख्यमंत्री ने बाघमारा में जनसभा को किया संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बाघमारा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं को नौकरी मिलेगी। भाजपा सरकार ने धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। देश में तानाशाह बन कर राज करना चाहती है। भाजपा मुद्दा विहीन हो गयी है। सत्ता में आने के बाद एक बार भी महंगाई और बेरोजगारी पर कोई बात नहीं की जा रही है। भाजपा में दम है तो महंगाई और बेरोजगारी पर बाते करे। वह जुमलेबाजी कर सत्ता में काबिज है। मुख्यमंत्री बुधवार को बाघमारा में प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

चंपाई सोरेन ने यह भी कहा कि देश में भाजपा की सरकार बनी तो हर चीज का निजीकरण होगा। इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं को नौकरी देने का काम करेगी। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां सरकार ने आम जनता को पेंशन योजना का लाभ सीधे तौर पर देने का काम किया है। इस मौके पर प्रत्याशी मथुरा महतो ने कहा कि पीएम देश की जनता को जवाब दें कि इस बार महंगाई कितनी पार होगी। आज पूरा देश महंगाई के कारण त्रस्त है, लेकिन इसका जवाब देश का कोई भाजपा नेता नहीं देता। भाजपा देश में इस बार 200 भी पार नहीं कर पायेगी।






## झारखंड सरकार ने युवाओं के साथ विश्वासघात किया : तेजस्वी सूर्य

- बाइक रैली में शामिल हुए भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में महानगर युवा मोर्चा द्वारा आयोजित बाइक रैली में शिरकत की। बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष रोमित नारायण के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गयी। इसमें संजय सेठ, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, विनय जयसवाल, केके गुप्ता भी उपस्थित रहे। तेजस्वी सूर्य ने कहा कि झारखंड की सरकार युवा विरोधी है। वर्तमान सरकार ने युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। युवाओं से नौकरी दने और भत्ता देने का वादा किया, नहीं दिया। यहां कि कानून व्यवस्था चौपट है। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मंत्री के करीबियों के यहां से नोटों के बंडल निकल रहे हैं। झारखंड भ्रष्टाचार के कारण शर्मसार हुआ है। इसलिए संजय सेठ को फिर से भारी मतों से विजयी बनायें।



### देश मोदी-मोदी कर रहा: संजय सेठ

संजय सेठ ने कहा कि आज पूरा देश मोदी-मोदी कर रहा है। देश चाहता है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी इस देश का नेतृत्व करें। इस बार निश्चित रूप से 400 का लक्ष्य पार करेंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। सिर्फ धर्म के आधार पर राजनीति कर रहे हैं और लोगों को बांट रहे हैं।



# जज के बयान पर विवाद

कलकत्ता हाइकोर्ट के तीसरे सबसे सीनियर जज रहे जस्टिस चित्तरंजन दास ने अपने कार्यकाल के आखिरी दिन विदाई भाषण में जिस तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपनी सदस्यता का जिक्र किया, वह न्यायाधीश पद के साथ जुड़ी गरिमा और संवेदनशीलता से वाकिफ किसी भी शख्स को हैरान कर सकता है। उन्होंने बताया कि वह न केवल अतीत में इस संगठन के सदस्य रहे हैं, बल्कि अब रिटायरमेंट के बाद अगर संगठन उन्हें कोई उपयुक्त काम सौंपता है, तो उसे खुशी-खुशी अंजाम देंगे।

**वैचारिक स्वायत्तता:** हालांकि यह दलील दी जा सकती है कि आरएसएस कोई प्रतिबंधित संगठन नहीं है। यह भी कि देश के हर नागरिक को वैचारिक स्वतंत्रता हासिल है और न्यायाधीश भी एक व्यक्ति के रूप में किसी विचारधारा को पसंद या नापसंद कर सकते हैं। मगर गौर करने की बात यह है कि जस्टिस चित्तरंजन दास ने यह खुलासा घर-परिवार या मित्रों-रिश्तेदारों के बीच व्यक्तिगत हैसियत से नहीं, बल्कि कार्यकाल के आखिरी दिन बाकायदा कलकत्ता हाइकोर्ट की पूर्ण पीठ के सामने किया।

**न्यायिक बिरादरी को निराशा:** देश के एक हाइकोर्ट में बतौर जज 15 साल बिता चुके किसी शख्स से यह उम्मीद तो होती ही है कि वह न केवल अपने कार्य की गंभीरता को समझेगा, बल्कि उसके लिए जिस वैचारिक गहराई और परिपक्वता की जरूरत होती है, उसे भी महसूस करेगा। अफसोस की बात है कि जस्टिस दास के इस भाषण ने इन दोनों मोर्चों पर देश के नागरिकों को ही नहीं, दुनिया भर में फैली न्यायिक बिरादरी को भी निराश किया है।

**कलकत्ता हाइकोर्ट के एक जज के विदाई भाषण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रिटायर हो रहे जज ने अपने विदाई भाषण में कहा कि वह आरएसएस के सदस्य हैं और रहेंगे। जस्टिस दास के भाषण पर सवाल उठना जायज है। इस संबंध में उनके भाषण से न्यायिक बिरादरी को निराशा हुई है।**

**पूर्वाग्रहों का सवाल:** यह भाषण कितना कमजोर था, इसका अहसास इसके कुछ अंशों पर एक नजर डालने से ही हो जाता है। मिसाल के तौर पर, इस भाषण में जस्टिस दास खुद अपनी तारीफ करते हुए कहते हैं कि उन्होंने कभी किसी के लिए किसी तरह का पूर्वाग्रह नहीं रखा। अब देश के एक प्रतिष्ठित हाइकोर्ट के इतने वरिष्ठ जज से यह जानने की अपेक्षा गलत नहीं कही जायेगी कि पूर्वाग्रह कोई ऐसी चीज नहीं है, जो जानबूझ कर रखी या न रखी जाये। पूर्वाग्रहों से मुक्ति अपनी चेतना का स्तर ऊपर उठाने के हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम होता है, लेकिन किसी भी खास बिंदु पर कोई व्यक्ति अपने पूर्वाग्रहों को लेकर सौ फीसदी आश्वस्त नहीं हो सकता। इसका पता तब चलता है, जब दूसरे लोग इस ओर हमारा ध्यान खींचते हैं।

**अतीत में विवाद:** यह अकारण नहीं कि जस्टिस दास के फैसले में निहित पूर्वाग्रह को लेकर अतीत में विवाद हो चुके हैं। उदाहरण के लिए, उनकी अगुआई वाली एक खंड पीठ के इसी साल दिये एक फैसले को गलत करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों का काम कानून और तथ्यों के आधार पर फैसला देना है, उपदेश देना नहीं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय सियासत में विपक्षी दलों के बीच एक लंबी सियासी लकीर खींचने वाले अरविंद केजरीवाल के लिए स्वाति मालीवाल केस कोई नयी चीज नहीं है। इसे ऐसे समझा जा सकता है कि पुराने साथियों के दुश्मन बन जाने का एक और नया मामला है, जो समय के साथ पुराने मामलों की तरह दब जायेगा।**

# स्वाति मालीवाल प्रकरण में छिपे गहरे सियासी मायने

**कमलेश पांडेय**

**आम** आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर 'आप' की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने जो आरोप लगाया है, वह बहुत गंभीर बात है। लेकिन उससे भी गंभीर बात यह है कि इस मामले में शुरू से अब तक जो भी घटनाक्रम प्रकाश में आया है, उसके पीछे किसी गहरे सियासी षडयंत्र का भी हाथ हो सकता है। इसलिए इस पूरी घटना के परिप्रेक्ष्य में छिपे सियासी मायने को समझना बहुत जरूरी है।



अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से मुख्यमंत्री आवास पहुंचे अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंचीं स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री के घर पर विभव कुमार के इशारे पर या उनकी भागीदारी से या फिर दोनों तरह से जो कुछ भी हुआ, वह अप्रत्याशित था। लेकिन उसकी बौखलाहट में दिल्ली पुलिस को फोन करके स्वाति मालीवाल बुरी तरह से घिर गयीं। ऐसा इसलिए कि इस मामले में एफआइआर करवाने से पहले पार्टी के स्तर पर उन्होंने घटनाक्रम के डैमेज कंट्रोल की कोशिश की, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय सिंह का भी उन्हें प्रारंभिक साथ मिला। परंतु उनके सारे प्रयास जब विफल हो गये, तब उन्होंने इस मामले में एफआइआर दी। इसके बाद पूरी आप पार्टी ही उनके खिलाफ हो गयी। उनके लिए सुकून की बात यह है कि भाजपा ने उनके मुद्दे को तूल दे दिया और उपराज्यपाल वीके सक्सेना तक ने उनसे हमदर्दी जतायी। इससे आप पार्टी के इन आरोपों को बल मिला कि अब वह बीजेपी की एजेंट बन चुकी हैं।

**इस केस ने केजरीवाल को एकाएक ऐसा उलझा दिया है, जिसे सुलझाने के लिए उन्हें एक और विभव कुमार पैदा करना होगा**

ऐसे में सीधा सवाल यही उठता है कि अरविंद केजरीवाल के सियासी दोस्तों ने उनसे दुश्मनी तो बहुत साधी, लेकिन वो प्रायः बेअसर ही रही है, क्योंकि स्वाति मालीवाल से पहले भी अरविंद केजरीवाल के कई राजनीतिक दोस्त उनको आरोपों के कठघरे में खड़ा कर चुके हैं, जिनमें कपिल मिश्रा से लेकर कुमार विश्वास तक का नाम शुमार किया जाता है। बावजूद इसके अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक सेहत विशेष रूप से प्रभावित नहीं हुई है। ऐसे में यही बात सामने आ रही है कि बहुचर्चित स्वाति मालीवाल प्रकरण से मौजूदा संसदीय चुनाव में चाहे जो भी राजनीतिक नुकसान हो, लेकिन स्वाति मालीवाल केस का अरविंद केजरीवाल की सियासत पर बहुत ज्यादा असर नहीं होगा।

भारतीय सियासत में विपक्षी दलों के बीच एक लंबी सियासी लकीर खींचने वाले अरविंद केजरीवाल के लिए स्वाति मालीवाल केस कोई नयी चीज नहीं है। बस, इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि पुराने साथियों के दुश्मन बन जाने का एक और नया मामला है, जो समय के साथ पुराने मामलों की तरह दब जायेगा। या फिर सवाल यह भी है कि यह मामला कहां तक जायेगा और अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर यह केस कितना प्रभाव डालेगा, यह बदलता वक्त ही बतायेगा, क्योंकि केंद्र में सत्ता परिवर्तन भले ही हो, किंतु अधिकारियों की मनोदशा बदलेगी, ऐसा नहीं लगता, क्योंकि भारतीय प्रशासन और न्यायपालिका का यह निर्विवाद चरित्र रहा है कि जो भी एक बार कानूनी मकड़जाल में फंस गया, वो फिर बाहर बमुश्किल ही निकल पाता है चाहे उसका राजनीतिक रसूख कुछ भी हो, कितना भी बड़ा हो। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव इसके दिलचस्प उदाहरण हैं। इसलिए इतना तो कहा ही जा सकता है कि भले ही अपनी अचूक सियासी रणनीति के बल पर अरविंद केजरीवाल भविष्य में प्रधानमंत्री बन जायें, लेकिन जो विवाद उनके साथ जुड़ चुके हैं, वो उनकी राजनीति पर अपना कुप्रभाव अवश्य डालेंगे। स्वाति मालीवाल केस उनमें से एक है। इस केस ने अरविंद केजरीवाल को एकाएक ऐसा उलझा दिया है, जिसे सुलझाने के लिए उन्हें एक और विभव कुमार पैदा करना होगा, क्योंकि इस उलझन की सबसे बड़ी वजह उनके सहयोगी और करीबी विभव कुमार की गिरफ्तारी है। खास बात यह है कि स्वाति मालीवाल ने विभव कुमार पर मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट करने जैसा जो आरोप लगाया है, वह उत्तरप्रदेश के मायावती गेस्ट हाउस कांड की याद तरोताजा कर देता है। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल के लिए कभी अहम तो स्वाति मालीवाल भी रही हैं, लेकिन पीए विभव कुमार का महत्व ऐसे भी समझा जा सकता है कि जेल जाने के बाद मुलाकात के लिए जेल प्रशासन को जिन मुलाकातियों की सूची दी गयी, उसमें उनका भी नाम शामिल था। इसलिए उन्हें कमजोर करने के लिए विभव कुमार को भी फंसाना जरूरी था, जो अब ताजा विवाद के केंद्र में हैं। यहां पर मुश्किल यह है कि सिर्फ स्वाति मालीवाल ही नहीं, बल्कि संजय सिंह की बातों से भी लगता है कि कहीं न कहीं विभव कुमार ही दोषी हैं। वहीं, अरविंद केजरीवाल की एक भरोसेमंद कैबिनेट मंत्री आतिशी ने विभव कुमार को बेकसूर ठहराते हुए स्वाति मालीवाल पर ही बीजेपी के हाथों में खेलने का आरोप लगाया है, जिसकी अब कुछ कुछ पुष्टि बदलते घटनाक्रमों से भी होने लगी है।

इस पूरे प्रसंग में गौर करने वाली बात यह भी है कि पूरे विवाद में संजय सिंह एक अलग ही छोर पर दिखाई पड़ते हैं, जबकि अरविंद केजरीवाल के साथ विभव कुमार और संजय सिंह को सार्वजनिक रूप से आखिरी बार लखनऊ में देखा गया था। इससे स्पष्ट है कि विभव कुमार को साथ लखनऊ ले जाना भी अरविंद केजरीवाल की तरफ से दिया हुआ स्पष्ट संदेश ही था, जिस दौरान संजय सिंह का साथ होना भी बहुत मायने रखता है। कहना न होगा कि प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों के नोटिस की तरह विभव कुमार का मामला भी अरविंद केजरीवाल राजनीतिक रूप से ही लड़ रहे हैं। यही वजह है कि इस लड़ाई में अरविंद केजरीवाल की तरफ से मीडिया के सामने आ रहीं आतिशी भी स्वाति मालीवाल के टारगेट पर आ गई हैं, जिससे यह सियासी लड़ाई दिलचस्प बनती जा रही है।

यह भी उतना ही सच है कि हाल-फिलहाल जिस तरह का बेढंगा विवाद हुआ है, और जिस तरह की पक्षपाती खबरें सामने आ रही हैं, वैसे में यदि योगेंद्र यादव और प्रशांत भूषण जैसे लोग साथ होते तो बात इतनी नहीं बिगड़ती। अब अरविंद केजरीवाल के पास ट्रबलशूटर के रूप में ले देकर सिर्फ संजय सिंह ही बचे हुए थे, लेकिन फिलवक्त बाहर भीतर जो चल रहा है, उसमें तो यही लगता है कि संजय सिंह भी बस कहने भर को साथ दिखाई दे रहे हैं। अब उनकी भूमिका भी ऐसी नहीं लगती कि राणा की पुतली फिरी नहीं तब तक चेतक मुड़ जाता था। जैसे पहले वो मुश्किलों के अरविंद केजरीवाल तक पहुंचने से पहले ही सामने दीवार बन कर खड़े हो जाते थे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## रांची की खबरें

### बोड़ाम में भारी बारिश के बीच कल्पना सोरेन की सभा में उमड़ा जनसैलाब

# केंद्र सरकार झारखंड के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : कल्पना सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जमशेदपुर संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के समर्थन में बोड़ाम हाट तोला मैदान में विशाल सभा का आयोजन किया गया। बुधवार को सभा में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन शामिल हुए। श्रीमती सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य की जरूरतमंद जनता सहित गरीब असहाय लोगों के लिए सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास, आपकी सरकार आपकी योजना आपकी द्वार जैसे कई योजना लाये हैं। झारखंड में सरकार की योजनाओं से गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाया गया। राज्य के विकास कार्य को देखकर विरोधियों को रास नहीं आया। आज पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ षड्यंत्र रच कर जेल में भेज दिया गया। उन्होंने ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव मे ज्यादा से ज्यादा की संख्या में समीर मोहंती को तीर धनुष पर 3 नंबर बटम दबाकर भारी से भरी मतों पर विजयी बनाकर दिल्ली भेजने का आग्रह किया। इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन सके। वहीं जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा दिवंगत सांसद सुनील महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए समीर मोहंती को चुनाव में जिताने की अपील की। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा आजादी के बाद पहली बार पटमदा बोड़ाम के लोग फिल्टर का पानी पी सकेंगे। इसके लिए जल संसाधन मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 228 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। श्री कालिंदी ने कहा बोड़ाम में सरकारी डिग्री कॉलेज व माचा में बंद पड़े सीएचसी भवन को जल्द चालू करवाने का प्रयास जारी है। वही सभा में भारी बारिश के बावजूद हजारों हजार की संख्या में ग्रामीणों को देख कल्पना सोरेन काफी खुश दिखे। उन्होंने 25 मई को तीर कमान 3 नंबर पर बटन दबाकर समीर मोहंती को भारी मतों से चुनाव में जिताने की अपील की। ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने भी राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से समीर मोहंती को एक मौका देने की अपील की। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, विधायक सविता महतो, जिला पार्षद पूर्णिमा मल्लिक, ललित महतो, कांग्रेस जिला सचिव अमित श्रीवास्तव, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, खगेन चंद्र महतो, अजय रजक, माणिक मल्लिक, अश्विनी महतो, भगवान सिंह, शैलेंद्र सिंह, किशनलाल महतो, हिमांशु महतो, बृंदावन दास सहित सैकड़ो इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सहित हजारों हजार ग्रामीण शामिल रहे।

# युवा सपनों का सौदा नहीं होने देंगे : सुदेश महतो

**फुसरो और कतरास में सुदेश महतो ने की पदयात्रा, उमड़ी भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने झारखंड में साढ़े चार साल के कार्यकाल में सिर्फ नीतियों पर राजनीति की है। इससे युवा वर्ग के सपने कुचले गये हैं। युवा सपनों का सौदा नहीं होने देंगे। झारखंड का सौदा करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। ध्वस्त कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार ही इस सरकार की पहचान है। इन्होंने झारखंड की अस्मिता और छवि को धूमिल किया है। यह सरकार स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने में विफल रही है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत फुसरो और कतरास में आयोजित पदयात्रा के दौरान कही। पदयात्रा में पार्टी के कई पदाधिकारी समेत हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता शामिल हुई। उन्होंने कहा कि आज इस पदयात्रा में लोगों का जो अपार जनसमर्थन मिला है वो गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से हमारे प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के अभूतपूर्व जीत की गवाही दे रहा है। गिरिडीह की जनता का यह प्यार, स्नेह और आशीर्वाद हमारी ताकत है। जनता के सहयोग और कार्यकर्ताओं के परिश्रम का सुखद परिणाम राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत के साथ देखने को मिलेगा। सुदेश महतो ने कहा कि कांग्रेस देश के युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा कर रही है। झारखंड में सत्ता में आने से पहले इन्होंने यहां के बेरोजगार युवाओं को हर वर्ष पांच लाख नौकरियां देने की बात कही थी, आज साढ़े चार साल के बाद भी यह आंकड़ा दस हजार नौकरियों तक भी नहीं पहुंच पाया है। इनकी मंशा केवल जनता को दिग्भ्रमित कर उनका मत हासिल करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व में वैश्विक पटल पर देश का नाम रोशन किया है। मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पूरे देश को विकास की गारंटी दी है। इसी गारंटी के साथ 2047 तक विकसित भारत के अपने संकल्प को हम सभी मिलकर पूरा करेंगे। यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री का चुनाव है। एक तरफ मोदी जी का करिश्माई चेहरा है तो दूसरी ओर कोई चेहरा ही नहीं। उनके न पास न नेता है न ही देश को आगे ले जाने के लिए कोई नीति।

# मोदी कोई व्यक्ति का नाम नहीं मोदी एक शक्ति का नाम है: रामचंद्र चंद्रवंशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व स्वास्थ मंत्री सह मझिआंव विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रांची लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दोनों लोकसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान चंद्रवंशी समाज को एकजुट होकर मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील भी किया। इस दौरान चंद्रवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी वर्मा रवींद्र वर्मा मौजूद थे। सभी समाज के लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

उन्होंने कहा कि मोदी देश के भविष्य हैं। लोग मोदी को व्यक्ति नहीं बल्कि एक शक्ति के रूप में देख रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। मौके पर चंद्रवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी वर्मा प्रेम वर्मा, रविंद्र वर्मा सहित कई भाजपा नेता--कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने संजय सेठ के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया



भाजपा नेता और पूर्व आई जी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रांची लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के साथ जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में निकाली बाइक रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** रांची लोकसभा के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी संजय सेठ की जीत के लिए आजसू पार्टी ने मोटरसाइकिल रैली निकाली और लोगों के बीच भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान हरेलाल महतो ने लोगों से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए कमल फूल के निशान पर वोट देने का अपील किया। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि 400 पार केवल नारा नहीं है बल्कि यह एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। हमारे इस लक्ष्य को पूरा करने के देश की जनता ने संकल्प लिया है। बुधवार को ईचागढ़ विधानसभा के सभी चारों प्रखंड में भाजपा और आजसू ने संयुक्त रूप से मोटरसाइकिल रैली निकाली और संजय सेठ के पक्ष में प्रचार किया। मोटरसाइकिल रैली चांडिल प्रखंड के लेंगडीह स्थित पीएचडी मोड़ से चिलगु तथा उरमाल से चिरुगोड़ा, ईचागढ़ प्रखंड के पुराणडीह से बांदु तथा मिलन चौक से रुगड़ी हाट तक निकाली गयी। नीमड़ीह प्रखंड के झिमड़ी से रघुनाथपुर तथा चालियामा से रघुनाथपुर तक निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में आजसू व भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। सचिदानंद महतो अरुण महतो, सीमंत महतो, भरत महतो, बबलू महतो, बुद्धदेव बनर्जी, राजेश साव, कामदेव महतो उपस्थित मौजूद थे।

## इंडी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर यशस्विनी सहाय के लिए मांगे वोट, कहा

# मोदी सरकार में गरीब परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में बुधवार को इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और टोला मोहल्ला में जनसपंर्क किया। क्षेत्र के सखूवाटांड, लिंडा, केदल सहित मायापुर और लपरा पंचायत में कई जगहों पर बैठक के साथ जनसंपर्क कर लोगों से यशस्विनी सहाय को अधिक से अधिक वोट करके विजयी बनाने की अपील किया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन नेताओं ने कहा कि केंद्र में विगत 10 वर्शों से रही मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। कहा गया कि देष में खाद्य सामग्री, मंहगी शिक्षा, मंहगी चिकित्सा के कारण जनता बेहाल है। वहीं मणिपुर में आदिवासी महिला के साथ हुई घटना से जहां पूरा देश शर्मशार हुआ, वहीं प्रधानमंत्री ने एक शब्द इस विषय पर नही कहा। साथ ही ग्रामीणों से यशस्विनी सहाय के पक्ष में वोट देने का आग्रह किया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिगन सिंह भोगता, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू, जालिम सिंह, इंदिरा देवी, रंथू उरांव, कुमार रौशन, मारुति देवी, मोनू रजक, इसराइल अंसारी, शशि मुंडा, मुकेश भुइयां सहित कांग्रेस, झामुमो, राजद, विस्थापित मोर्चा, सरना समितियों के लोग शामिल थे।

## खलारी में इंडी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में घर-घर जाकर मांगा वोट



**खलारी (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दर्जनों गांव, टोला व कस्वा मे घर-घर जाकर यशस्विनी सहाय के पक्ष में वोट करने का अपील किया। बुधवार को खलारी के के केडी, शिवपुरी मोहल्ला, ठाकुर धौड़ा, चदरा धौड़ा, लम्बा धौड़ा, डकरा, मोहननगर, केडी बजार में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान नेताओ ने कहा कि मोदी सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। कांग्रेस पार्टी के साथ पूरे देश की जनता खड़ी है। इस जनसंपर्क अभियान में अब्दुल्ला अंसारी, इंदिरा तुरी, विक्की सिंह, भोला यादव, मोनू सिंह, बबलु सिंह, छोटू सिंह, अनिता देवी, सुधा झा, मोनू रजक, सुमन तुरी, उर्मिला पांडेय, मुन्ना देवी आदि लोग शामिल थे।

## शुरु हुआ नौ दिवसीय रामचरित मानस कथा पाठ

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चैनपुर गांव में नो दिवसीय रामचरित मानस कथा पाठ प्रारंभ हुआ है। पाठ का समापन 31 मई को किया जायेग पाठ संचालक बुलू ठाकुर की टीम के साथ स्थानीय कथा वाचक की टीम करेगी। आयोजन को लेकर जयप्रकाश महतो, रामप्रसाद महतो, कृष्ण दुलाल महतो, पशुपति महतो, प्रह्लाद सिंह मुंडा, योगेश्वर महतो, श्रीपाद महतो की टीम सहयोग कर रही है। 30 मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसके अलावा सुबह और शाम आरती पाठ का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर गांव भक्तिमय हो गया है।

## ठनका गिरने से 6 भैंस की मौत



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंदवाटुंगरी गांव में वज्रपात से 6 भैंस का मौत हुआ है। बुधवार को दिन अचानक तेज आवाज के साथ बज्रपात होने से चंदवाटुंगरी गांव के हरिदास उरांव के 6 भैंस की मौत हो गयी।

## सारजमडीह के पुराण टोली में राजा पीटर की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के पुर्व विधायक राजा पीटर के पहल से तमाड़ के सारजमडीह के पुराण टोली मे नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध करायी गयी 20 दिन पहले जल गया था, चुनाव पूर्व राजा पीटर भाजपा के प्रचार में हम लोगों के पास आए थे तो हम लोगों ने समस्या बतायी थी राजा पीटर ने हमलोगों से वादा किया था कि चुनाव बाद नया ट्रांसफार्मर मिल जायेगा। राजा पीटर के प्रयास से ट्रांसफार्मर मिल जाने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है। आरती राजा पीटर गांव पहुंचीं और ग्रामीणों के उपस्थिति में नया ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजा पीटर जी आप लोगों से किया वादा पुरा किया। मौके पर प्रवक्ता नीतीश पांडेय, जयपाल पातर, यादु पाहन , जितेश पातर मुंडा, दुलाल दास, कार्तिक पुरान, हलधर पुरान, भुवन स्वांसी, सुबोध स्वांसी, जयराम हजाम, अनंत पुरान सहित भारी तादाद में ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवेंद्र नाथ महतो ने जेल से निकलते ही कार्यकर्ताओं में बढ़ा जोश



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो 17 दिनों के बाद होटवार जेल से रिहा हुए रिहाई होते ही कार्यकर्ता में जोश का संचार हुआ। प्रत्याशी महतो अपने चुनावी प्रचार में जुट गये हैं। हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता, पश्चिम सिंहभूम प्रत्याशी दामोदर हांसदा, महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा, कोडरमा प्रत्याशी मनोज यादव, कुर्मी विकास मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सीतल ओहदार झापा रांची लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर महतो, ललित कुमार जुटे। आज बुधवार को सिल्ली, कांके और हटिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो किया गया। जिसमें भारी जनसमर्थन दिखा। और क्रम संख्या-24 चुनावी चिन्ह हेलमेट छाप में मतदान करने का अपील किया गया। मीडिया वार्ता में कहा कि मुझे न्यायालय पुरा भरोसा था। राजनैतिक पार्टियों द्वारा मुझे बदनाम करने एवं फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। हम अपने कर्तव्य से विचलित होने वाले नहीं हैं। बताते चलें देवेंद्र नाथ महतो ने जेल में 'होटलों से होटवार' नामक किताब लिखा है। जसै सीघ्र ही प्रकाशित किया जायेगा।

# बिरसा कॉलेज में इंटर में नामांकन शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन करेंगे विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के एकमात्र अंगीभूत बिरसा कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद होने के विरोध में क्षेत्र के विद्यार्थी एकजुट होने लगे हैं। इसे लेकर बुधवार को छात्र नेता प्रकाश टूटी, अमित महतो, अनुज कुमार, सौरभ कुमार साहू आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विद्यार्थी कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में जमा हुए और बिरसा कॉलेज में इंटर का नामांकन शुरू कराने के लिए एक स्वर में आवाज उठाई। बाद में विद्यार्थियों ने प्राचार्या के नाम पत्र लिखकर कॉलेज में फिर से इंटर में नामांकन शुरू कराने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि जल्द नामांकन शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जायेगा। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों द्वारा समर्पित मांगपत्र को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति तक भेज दिया जायेगा। कुलपति से प्राप्त निर्देश के आलोक में अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। छात्र नेता प्रकाश टूटी ने कहा कि बिरसा कॉलेज में लगभग तीन हजार विद्यार्थी इंटर में पढ़ते हैं। अगर इंटर में नामांकन बंद हो जायेगा, तो क्षेत्र के हजारों विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित रह जायेंगे, क्योंकि जिले में बाकि जितने भी स्कूल-कॉलेज में इंटर की पढ़ाई होती है, वहां चुनिंदा मेधावी विद्यार्थियों का ही नामांकन लिया जाता है। ऐसे संस्थानों में सीट भी बहुत कम होती है। छात्र नेता सौरभ कुमार साहू ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ बिरसा कॉलेज के विद्यार्थियों की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह लड़ाई पूरे जिले के लोगों की है। जिले के लगभग प्रत्येक घर से कोई न कोई सदस्य बिरसा कॉलेज से शिक्षा प्राप्त किए हैं और आगे भी यहां शिक्षा प्राप्त करेंगे। ऐसे में आम जन को भी आगे आकर विद्यार्थियों का साथ देना चाहिए, जिससे इंटर की पढ़ाई यहां फिर से शुरू हो सके।

## 24 मई से शुरू होगा अखंड हरि संकीर्तन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** राधा रानी मंदिर तमाड़ परिसर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन 24 मई से शुरू होगा। अखंड हरि नाम संकीर्तन को लेकर आज गुरूवार 23 मई को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा। सात दिवसीय हरिनाम संकीर्तन सम्पन्न कराने के लिए महापंडित करण गोस्वामी तमाड़ पहुंच चुके हैं। हरि नाम संकीर्तन को लेकर राधा रानी मंदिर को सजाया संवारा जा रहा है। इसी के साथ ही इस वर्ष कीर्तन मंडली में महिला कीर्तन मंडली सहित दूर दराज से कीर्तन मंडली को बुलाया गया है। साथ ही मनोरजन के लिए तमाड़ हाई स्कूल मैदान में झूला, मौत का कुंआ, मीना बाजार, खिलौने के दुकान सहित तरह तरह के लगाया जा रहा है। आज से सात दिनों तक मीट मछली का सेवन वर्जित रहेगा।

## बारिश से लोगों का घर से बाहर निकलना आफत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** जिला रांची के तमाड़ प्रखंड के जिलिंगसेरेंग गांव में पहली वारिस से लोगों को घर से बाहर निकलना आफत हो गया है। सांसद व विधायक वोट के समय आते हैं वोट प्रलोभन देकर ले लेते हैं फिर देखने भी नही आते हैं। अभी ग्रामीणों का गांव से निकलना और दूसरो गांव वालो को आना मूशकिल हो गया है। अभी विधायक और सांसद को नजर नहीं आता है।

## महर्षि मेंही परमहंसजी का अवतरण मानव कल्याण के लिए हुआ : लक्ष्मण महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा और शबरी कुटिया शांतिपुरी आश्रम मुरहू में बुधवार को महर्षि मेंही परमहंसजी महाराज की 140वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी, शोभायात्रा से शुरू की गयी। प्रभातफेरी बंदगांव और मुरहू में निकाली गयी, जिसमें काफी संख्या सत्संगी महिला-पुरुषों ने भाग लिया। शोभायात्रा में भारत माता की जय, सद्गुरुदेव की जय, मानव मानव एक है, हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई, सभी आपस में भाई-भाई आदि नारे लगा रहे थे। आश्रम पहुंचकर सत्संगियों ने गुरुदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अपने प्रवचन में स्वामी लक्ष्मणजी महाराज ने कहा कि महर्षि मेंही परमहंसजी महाराज का अवतरण मानव कल्याण के लिए हुआ। सद्गुरुदेव ने कठोर साधना की, तत्पश्चात हमें सभी सद्ग्रंथों और संतों की बातें सरल और आसान शब्दों में बताई है। अहिंसा, दयालुता, सद्व्यवहार और कपट-अहंकाररहित जीवन जीना चाहिए। झूठ बोलना, चोरी, नशा, हिंसा और व्याभिचार से दूर रहना चाहिए। गुरु महाराज ने बहुत लोगों को सच्चा जीवन मार्ग बताया है। कार्यक्रम में संजय कुमार, रास बिहारी मुंडा, जुरन मुंडा, जगन्नाथ मुंडा, मुचीराय मुंडा, सुखसागर, कांडे मुंडा, सगुनदास, मंगल मुंडा, विष्णु मुंडा, सूरजमल प्रसाद, रामहरि साव, सनिका मुंडा, बीरू कुमार, संतोष गुप्ता, सूरज गुप्ता, हेमंत कुमार उपस्थित थे।

## टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में मैकलुस्कीगंज के राजा बंगलो स्थित खेल मैदान में चल रहे अंडर 14 समर कप टी 20 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तीसरे दिन टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच खेला गया। मैच का उदघाटन डीआइजी रांची अनूप बिरथरे ने किया। डीआईजी ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ खेल एक अहं रोल निभाता है। लोग चाहें तो खेल से भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। पहला सेमीफाइनल हरमू यूथ क्लब और अरविंदो क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमू यूथ क्लब ने रिशु के ताबड़तोड़ नाबाद 105 रन व आर्यन के नाबाद 37 रनों की मदद से अरविंदो के समक्ष तीन विकेट खोकर 178 रनों का लक्ष्य रखा। जवाबी पारी खेलने उतरी अरविंदो की टीम 92 रनों पर ही सिमट गयी। अरविंदो को 86 रनों से पराजित कर हरमू की टीम फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच धुआंधार शतक लगाने वाले रिशु को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल केवल टाउन और केसीए जमशेदपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केबल टाउन जमशेदपुर की टीम 90 रनों पर ही सिमट गयी। जवाबी पारी खेलते हुए के सी ए के वीर कुमार की आतीशी 28 बाल पर 43 रनों की पारी के बदौलत 15 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर आठ विकेट से मैच जीत लिया और फाइनल में जगह बनाया। इस मैच में चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले सक्षम वर्मा को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट का फाइनल गुरुवार को खेला जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के संत जोसेफ कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र से अपनी बेटी को परीक्षा दिलाकर घर लौट रहे कृष्णा साहू नामक 55 वर्षीय व्यक्ति की बुधवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। कृष्णा मूल रूप से जरियागढ़ थाना क्षेत्र के नौरिंगा गांव के रहने वाले थे और कुछ वर्षों से गोविंदपुर रोड जम्हार में घर बनाकर रह रहे थे और किराना की दुकान चलाते थे। कृष्णा की पत्नी सबिता देवी जो एकल अभियान की कर्ता संच प्रमुख है, ने तोरपा रेफरल अस्पताल में बनाया कि उनकी बेटी नेहा कुमारी बिरसा कॉलेज में भूगोल विषय से एमए कर रही है। बुधवार को संत जोसेफ कॉलेज के परीक्षा केंद्र में उसकी परीक्षा थी। कृष्णा साहू अपनी बेटी को परीक्षा दिलाकर स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। तोरपा-कर्रा रोड के बारकुली गांव के पास रास्ते में एक बैल के दौड़ जाने से दोनों पिता-पुत्री गिर गये और वहीं पर कृष्णा साहू की मौत हो गई, जबकि नेहा कुमारी को मामूली चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलने पर रेफरल अस्पताल का एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचा और घायल लड़की को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया। तोरपा थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## यशस्विनी सहाय के पक्ष में नवाडीह में जनसंपर्क अभियान



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के नवाडीह शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में अगरवा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। शिवनारायण लोहरा ने लपरा पंचायत केनवाडीह गांव में जनसपर्क अभियान के माध्यम से इंडिया गठबंधन रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की गयी।इस मौके पर शिवनारायण लोहार,बिनोद भुइयां, पिंटू मुंडा, मंगरा गंझू, अनिज गंझू, मुस्कान देवी, सोहरी देवी, मुनिया देवी, मानमतिया देवी, ललिता देवी, मुनिता देवी, लक्ष्मणिया देवी, करीना देवी, सीता देवी, झरनी देवी, फूलकुमारी देवी, रीना देवी, बंधनी देवी, रूबी देवी, सरिता देवी, गीता देवी, सुमित्रा देवी, कोलेश्वर गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

# खूंटी का कटहल नेपाल के लोगों की पहली पसंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पहले गरीबों का भोजन के नाम पर प्रसिद्ध कटहल के उत्पादन में खूंटी जिला महत्वपूर्ण स्थान रखता है। खूंटी जिले के कटहल की आपूर्ति न सिर्फ झारखंड, बल्कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार और नेपाल तक की जाती है। अलग-अलग दिनों में लगने वाली साप्ताहिक हाटों में दूसरे स्थानों के व्यापारी पहुंचते हैं और थोक के भाव में कटहल की खरीदारी करते हैं। कुछ व्यापारी तो गांव जाकर पेड़ पर लगे सभी कटहलों को खरीद लेते हैं और उन्हें दूसरे राज्यों की मंडियों में बेचते हैं। कटहल उत्पादन आज भी यहां के लोगों की आय का बड़ा जरिया है। जिले के सभी क्षेत्रों में कटहल के पेड़ पाये जाते हैं। लोग तो घरों में कटहल का पेड़ लगाते ही हैं, साथ ही सड़कों के किनारे जंगलों में भी प्राकृतिक रूप से उगे कटहल के पेड़ यहां के लोगों के भोजन और आमदनी का एक बेहतर जरिया है। जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग बड़े जतन से कटहल का पेड़ लगाते हैं और इसे व्यापारियों के पास बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं। क्षेत्र में कटहल इस क्षेत्र किसानों की अतिरिक्त आय का प्रमुख जरिया है। प्रतिवर्ष कटहल की बिक्री कर किसान हजारों रुपये अतिरिक्त आय के रूप में अर्जित करते हैं। कई किसानों के लिए खरीफ की खेती कटहल पर ही टिकी होती है। किसान गर्मी के दिनों में कटहल की बिक्री कर उससे अर्जित होनेवाली रकम से खरीफ की खेती के लिए खाद, बीज आदि खरीदते हैं। हालांकि कटहल के पेड़ों की संख्या में कमी जरूर आ रही है, लेकिन किसान अब भी कटहल के पौधे लगाते हैं। कटहल से किसानों को होनेवाले फायदे पर गौर करें, तो मार्च माह से ही किसानों को कटहल से लाभ मिलना शुरू हो जाता है। मार्च माह तक पेड़ों में फसल आना शुरू हो जाता है। इस वक्त नई सब्जी के रूप में मंडी में कटहल की काफी मांग रहती है। छोटे साइज के कटहल को किसान इस अवधि में बाजार में अधिक कीमत पर बेचते हैं। अप्रैल और मई महीने में कटहल अपने पूर्ण आकार में आ जाता है। इस वक्त पेड़ों पर लदे एक कटहल का वजन पांच से 10 किलोग्राम तक होता है। कोई कोई कटहल तो 15-20 किलो तक के होते हैं। इसकी बिक्री किसान साप्ताहिक हाटों और डेली मार्केट में करते हैं। कटहल का सबसे अधिक उपयोग सब्जी के रूप में होता है। तोरपा प्रखंड के दियांकेल गांव की कटहल उत्पादक किसान अनिता कहती हैं कि पहले इस क्षेत्र में काफी गरीबी थी। लोगों को मुश्किल से दो वक्त का भोजन मिल पाता था। ऐसे में कटहल ही गरीबों का निवाला होता था। आज भी सुदूर पर्वतीय और जंगली इलाके में गरीब कटहल खाकर जीवन यापन करते हैं। उन्होंने कहा कटहल को गरीबों का पनीर कहा जाता है। कुछ गृहिणियां कटहल का अचार बनाकर इसे घरों में संग्रहित करके रखती हैं। इसके अलावा पके हुए कटहल को भी लोग काफी चाव से खाते हैं।

### कटहल प्रोसेसिंग यूनिट नहीं होने का फायदा उठाते हैं बिचौलिये

**खूंटी जिले में भले कटहल का भरपूर उत्पादन होता है, लेकिन इसके लिए कोई प्रोसेसिंग यूनिट नहीं है। इसके कारण किसान बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम में कटहल बेचने को मजबूर हैं। कटहल के उत्पादन का पूरा लाभ बिचौलिए उठा रहे हैं। बीते कुछ सालों से कटहल पर बिचौलिए व्यवसायियों ने कब्जा कर रखा है। कटहल के पेड़ों में फल लगते ही बिचौलिए गांव-गांव में घूमकर किसानों से एक सीजन के लिए पेड़ के सारे कटहल खरीद लेते हैं। बिक्री के लिए बाजार जाने के झंझट से बचने और गांव में ही बिक्री की व्यवस्था उपलब्ध होने से किसान भी आसानी से बिचौलिए को कटहल बेच देते हैं। कटहल के पेड़ों के मूल्य का निर्धारण उस पर आई फसलों को देखकर किया जाता है। बिचौलिए व्यवसायियों द्वारा एक सीजन के लिए खरीदे गये कटहल के एक पेड़ की कीमत की रकम के रूप में किसानों को मात्र एक से दो हजार रुपये दिये जाते हैं। जब पेड़ों पर फसल अपनी पूर्ण आकृति में आ जाती है तो बिचौलिए पेड़ से फसलों को तोड़कर उसे स्थानीय और बाहर की मंडियों में खपाते हैं। महज एक से दो से दो हजार रुपये में किसानों से खरीदे गए कटहल को बाहर की मंडियों में बेचकर बिचौलिए एक पेड़ की फसल से 50 से 60 हजार रुपये तक की आमदनी करते हैं।**

## खूंटी में बालू का अवैध परिवहन करते छह ट्रैक्टर जब्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक और जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह के नेतृत्व में खूंटी थाना पुलिस द्वारा बुधवार को खूंटी थाना क्षेत्र में बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान चुकरू मोड़ मोड रेमता डैम के पास बालू खनिज परिवहन करते छह ट्रैक्टरों को बालू सहित जब्त किया गया। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा अग्रतार विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। सीडीपीओ वरूण रजक ने बताया की जब सभी ट्रैक्टरों पर 100-100 घन फीट अवैध बालू लदा है।

## जेसीए प्रीमियर दो लीग खेल का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के ताऊ मैदान में बुधवार को जेसीए प्रीमियर दो लीग खेल का आयोजन किया गया। खेल में अड़की बुंडू नामकुम और खूंटी के टीमों के द्वारा भाग लिया जा रहा है। खेल के नेतृत्व करता प्रवीण कुमार ने कहा कि पांच परगना से अच्छे खिलाड़ियों का निखारने का काम किया जा रहा है। जो आने वाले समय में झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे मौके पर राजकिशोर कुशवाहा सजल कुंडू आदि उपस्थित थे।

## बरवाडीह स्टेशन यार्ड में चार वैगन बेपटरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के स्टेशन यार्ड में मंगलवार की रात शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के चार वैगन का चक्का रेल पटरी से नीचे उतर गया। इससे 12 घण्टे से अधिक उस लाइन पर मालगाड़ी के वैगनों की शंटिंग का कार्य बाधित हो गया। मालगाड़ी के वैगन को रिपेयर के लिए आरओ एच शेड में नही ले जाया जा सका। रेलवे से प्राप्त सूचना के अनुसार कई वैगनों को जोड़ कर रिपेयर करने के लिए ट्रेन शंटिंग कर आर ओ एच शेड में वैगनों को ले जाया जा रहा था। उसके खाली कुछ वैगनों में पूर्व से थोड़ा- बहुत कोयला था। शंटिंग के दौरान उक्त वैगन का गेट खुल गया और सारा कोयला लाइन के अंदर गिर गया। रेल पथ निरीक्षण अरुण कुमार ने बताया कि लाइन में गिरे उस कोयले के कारण चार वैगन के चक्का रेलवे पटरी से नीचे उतर गई। लाइन के अंदर गिरे कोयले को हटाकर उस वैगन को मशीन के जरिये वापस रेल पटरी पर लाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। बता दे कि रात करीब दस बजे शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के चार वैगन रेल पटरी के नीचे गिर गया था, लेकिन दस घंटे के बाद उसे उठाकर पटरी पर लाने का कार्य शुरू किए गए थे।

### मतदान के दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने की थी मारपीट

# भाजपा बूथ अध्यक्ष के घर पहुंचे कालीचरण सिंह

**मामले को लेकर बालूमाथ थाना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ/ लातेहार।** 20 मई को बालूमाथ के मसियातू पंचायत के बूथ नंबर 150 में मतदान के दौरान भाजपा बूथ अध्यक्ष सोहराई उरांव से एक विशेष समुदाय के युवकों ने मार पीट कर दी थी, जिससे सोहराई उरांव काफी चोटिल हो गये थे।

मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अगुवाई में चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह अपने दल बल के साथ मसियातु ग्राम सोहराई उरांव के घर पहुंच उसका हाल चाल जाना और घटना क्रम के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही साथ पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए बालूमाथ एसडीपीओ और लातेहार एसपी से दूरभाष पर बात कर दोषियों को जल्द गिरफ्तारी तथा पीड़ित को उचित न्याय दिलाने की बात कही। साथ ही साथ क्षेत्र में अवैध माइनिंग की भी जांच करने का बात लातेहार डीएमओ से की गयी। मसियातू के भाजपाइयों ने काली सिंह का स्वागत किया। मौके पर समस्त मंडल टीम लातेहार जिला टीम के साथ सैकड़ों भाजपाई मौजुद रहे। वहीं मामले को लेकर मासीयातु में बालूमाथ बीडीओ सह बतौर मजिस्ट्रेट सोमा उरांव, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार के उपस्थिति बालूमाथ थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया।



## प्रार्थना सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ा पंचायत अंतर्गत सरना टोली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रार्थना सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष गौतम उरांव का आकस्मिक निधन पर समाज के विभिन्न वर्गो के लोगो गहरी संवेदना व्यक्त किया है। वही कांग्रेस पार्टी के बिशुनपुर विधानसभा के युवा अध्यक्ष ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की गौतम उरांव मिलनसार व्यक्ति थे। सभी समाज और धर्म का सम्मान करते थे। साथ ही कहा की सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में चढ़ के हिस्सा लेते थे। जिसे गौतम उरांव की मृत्यु से समाज को अपूरणीयक्षति हुई है। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। मौक पर यूथ कांग्रेस के बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सफरुदीन अंसारी, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, इम्तियाज अहमद, वार्ड पार्षद शीला उरांव, देवाशिस उरांव सहित अन्य लोगों ने भी दुखित परिवार को सांत्वना दिया।

## महावीर मंदिर में महाआरती का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में ब्लॉक मोड़ ओवर ब्रिज स्थित महावीर मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा मंगलवार को हर मोहल्ले में एक-एक कर महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूप करना है। जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा जिस तरह लोगों की महाआरती के प्रति उत्सुकता दिख रही है निश्चित ही आने वाले दिनों में मंगलवार को सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रहेगी। मंगलवार को हनुमान जी की आरती करने से बहुत सारे दुख दर्द दूर होते हैं। सभी लोगों से आग्रह किया कि दुख में सभी लोग भगवान के पास जाते हैं परंतु दुख दूर होने के बाद लोग जाते नहीं है। ऐसा करना महापाप है सुख में भी भगवान का भोग लगाए आरती में शामिल हो निश्चित ही दुख आपको छू नहीं सकता। मौके पर समिति के सैकड़ो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## भंडरा में ऑटो चालक नहीं वसूल सकेंगे मनमाना किराया

**भंडरा में विभिन्न रूटों पर भाड़ा तय, उचित किराया लेने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा में ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को ऑटो रिक्शा चालक संघ और प्रशासन की एक बैठक भंडरा थाने में हुई। बैठक में सीओ दुर्गा कुमार ने भाग लिया । इस बैठक में ऑटो का किराया उचित लेने का निर्देश सीओ व थाना प्रभारी से सभी टेंपो चालको को दिया । जिला परिवहन विभाग से रेट चार्ट लेने के बाद किराया निर्धारित किया जाएगा . बैठक के बाद थाना प्रभारी व सीओ ने परिवहन प्राधिकार को निर्धारित किराये की तालिका मंजूरी ने की बात कही। जिला परिवहन विभाग की मुहर के बाद सरकारी स्तर पर निर्धारित किराया ही आटो चालक लेंगे । साथ ही सभी टेंपो चालक टेंपो में ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य कागजात रखने का निर्देश दिया।



**क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठा सकते ऑटो ड्राइवर**

भंडरा। प्रशासन द्वारा किराये की लिस्ट को मंजूरी मिलने के बाद ऑटो ड्राइवर सरकारी स्तर से निर्धारित किराया ही लेंगे। इस साथ ही अक्सर ऑटो ड्राइवर अपनी गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारी बैठा लेते थे अब वो ऐसा नहीं कर पाएंगे. ऑटो में ड्राइवर अब निर्धारित सवारी ही बैठायेंगे। ऐसे नहीं करने पर उनसे जुमार्ना वसूला जा सकता है।

**ऑटो चालकों द्वारा मनमाना किराया वसूले जाने की प्रमुखता से छपी थी खबर**

टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से किराया बढ़ाने की खबर स्थानीय विभिन्न अखबारों में प्रमुखता से छपी थी। खबर प्रकाशित होने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों की इस समस्या को प्रमुखता से लेते हुए बुधवार को टेंपो चालको को थाने में बुलाकर बैठक कर किराया तय की । बता दे की टेंपो चालको द्वारा अकाशी रेलवे स्टेशन की दूरी छह किलोमीटर है पर टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से छ किलोमीटर का किराया तीस रुपया ले रहे हैं । इसके आलावे चट्टी से नाजगुवा पांच किलोमीटर का किराया भी तीस रुपया ले रहे है । वही भंडरा से बेडो 24 किलोमीटर का किराया 80 रुपया लिया जा रहा है। साथ ही टेंपो चालक नियमो को ताक मे रखकर टेंपो में मनमानी तरीके से 15 लोगो को बैठते है । जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ।किराया को लेकर हमेशा टेंपो चालको व यात्री के बीच तू तू में में होते रहती है।

## सुनील कुमार को हिंदू समाज ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला में कार्यरत एएसआइ सुनील कुमार राय (थापा सर) को राष्ट्रपति सेवा पदक से सम्मानित किये जाने के बाद पहली बार चुनाव कार्य को लेकर महुआडांड पहुंचने पर चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद के शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बताते चले कि सुनील कुमार राय 2016 से 2019 तक महुआडांड थाना में भी पदस्थापित थे। श्री राय एक कर्मठ और ईमानदार पुलिस ऑफिसर के रूप में जाने जाते है। उसी को देखते हुए लातेहार जिला से चयनित सुनील राय को राष्ट्रपति के लिए नामित किया गया था। यह पुरस्कार मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 26 जनवरी को मोरहाबादी में पदक पहना कर नवाजा था। मौके पर सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट सिलीक राम को भी उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में चटकपुर हिन्दू समाज के अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद, सचिव हरिलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष प्रसाद, संजय प्रसाद, रूपेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## स्कूल से एमडीएम के चावल की चोरी का प्रयास

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के होरीलौंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मंगलवार की रात चोरों ने एमडीएम के चावल की चोरी करने का प्रयास किया। स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों की सतर्कता के कारण चोर स्कूल से चावल चोरी करने में असफल हो गए। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य नन्ददेव राम ने बताया कि स्कूल के चावल स्टोर के कुंडी को काट कर चोर उसमे से चार बोरा चावल निकाल लिया और चहारदीवारी के उस पर रख दिया था। इसी बीच ग्रामीणों को इसकी भनक लगी। ग्रामीण को आते देख चोर चावल को वहां छोड़ कर भाग खड़े हुए। उन्होने बताया कि रातभर समिति के अध्यक्ष और अन्य ग्रामीण स्कूल के पास चावल की निगरानी करते रहे। उक्त चावल को लाकर स्कूल के स्टोर रूम में रख दिया गया है। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना देने की बात कही है।

## बीडीओ ने सेन्हा में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत उगरा और डॉडू पंचायत में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण बीडीओ के द्वारा किया गया। वही सरोवर निरीक्षण के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बताया की उगरा पंचायत अंतर्गत कोरम्बे में निर्मित अमृत सरोवर का कम गहराई के कारण पानी नही है। जिसके लिए सरोवर को गहरीकरण कराना होगा तथा डाडु में निर्मित सरोवर में पानी तो है। परंतु कम पानी है जिसमे किसान मछली पालन कर रहे है। जिसके बावजूद अमृत सरोवर को विकसित करने की काफी संभावनायें है। साथ ही बताया की मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत दोनो सरोवर में वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, बीपीओ निलेंद्र कुमार, सिएफ्टी राहुल कुमार तिवारी मौजूद थे।

## वैध रसोई गैस कनेक्शन के लिए बायोमीट्रिक जरूरी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार वैद्य रसोई गैस कनेक्शन के लिए अब बायोमैट्रिक आवश्यक कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी साक्षी गैस सर्विसेस (भारत गैस) के संचालिका माबेल टोप्पो ने दी। उन्होने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के निदेर्शानुसार सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं का बायोमैट्रिक कराना आवश्यक है जिनका कनेक्शन बायोमैट्रिक किया हुआ होगा, उसे ही भविष्य में वैध कनेक्शन माना जायेगा। उन्होने साक्षी गैस सर्विसेज के सभी उपभोक्ताओं से कार्यालय में आ कर बायोमैट्रिक करा लेने की अपील की ताकि भविष्य में कनेक्शन विच्छेद होने की कार्रवाई से बचा जा सके।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


## बीडीओ ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा हनहट पंचायत में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया ।कर राज्य सरकार एवं केंद्र द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों सुनकर निराकरण करने की बाते कही गयी। मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य द्वारा विशेष कैम्प में बताया गया कि मानसून नजदीक आने वाला है कूप निर्माण कार्य, आवास निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा स्वास्थ्य संबधि जानकारी दी गयी। वहीं आमलोगों को बताया कि जानकारी प्राप्त करने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में आकर संबंधित पंचायत के ग्रामीण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं अपनी समस्याओं को भी बता सकते है प्रखंड प्रशासन हर संभव समस्याओं का समाधान के लिए प्रयासरत है कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो छंदा भटाचार्य, डॉ राकेश कुमार, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, मुखिया श्रवण मुंडा के साथ-साथ प्रखण्ड सह अंचल स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर से मुखिया, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, तथा प्रखण्ड स्तरीय चिकित्सा दल कार्यक्रम में उपस्थित थे।



## आर्य समाज वैदिक सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए हमेशा तत्पर : कृपा प्रसाद



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आर्य वीरदल व शांति आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर के तीसरे दिन प्रात: काल दिनचर्या का शुभारंभ योग आसन प्राणायाम सूर्य नमस्कार भूमि नमस्कार चंद्र नमस्कार सर्वांग सुंदर व्यायाम लाठी संचालन भला संचालन दंड बैठक इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया । प्रात: कालीन वैदिक यज्ञ का ब्रह्मत्व आचार्य आशीष कुमार आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रांतीय आर्य वीर दल के महामंत्री आचार्य गणेश शास्त्री ने आर्य वीरों को संबोधित करते हुए कहा की यज्ञ देवताओं की मुख्य यज्ञ है। संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म यज्ञ है अध्यात्म से ही जीवन में सुख शांति की प्राप्ती कर सकते हैं। बौद्धिक कक्षा को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के संरक्षक शिव शंकर सिंह ने आर्य वीरों को योग को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। करो योग रहो निरोग के संदेश को घर-घर गांव तक पहुंचाने के लिए आर्य वीरों को प्रेरित किया। विद्या मंदिर इंटर उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ जीवन में संस्कार की बहुत ही महिमा है संस्कृति मनुष्य से ही संस्कारी समाज का निर्माण होता है। वनवासी कल्याण केंद्र के उपाध्यक्ष कृपा शंकर सिंह ने कहा कि आर्य समाज वैदिक सनातन धर्म के प्रचार प्रसार रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पहलवान महादेव आर्य, व्यायाम शिक्षक गोपी आर्य, शिक्षक भुवनेश्वर आर्य समेत कई सहयोगियों का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे गौतम उरांव : निशीथ जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बुधवार को लोहरदगा तोड़ार सरना टोली निवासी राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी गौतम उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गौतम उरांव सच्चे जुझारू युवा समाज सेवी थे। वे राजी पड़हा प्रार्थना सभा के प्रथम जिलाध्यक्ष थे व प्रदेश अध्यक्ष भी थे। इन्होंने लोहरदगा जिले में राजी पड़हा प्रार्थना सभा की नींव रखा और सामाजिक जागरण को नई दिशा प्रदान किया। इनके अमूल्य योगदानों को कभी नही भुलाया जा सकता है। इस मौके पर जिप सदस्य सुखदेव उरांव, राष्ट्रीय धर्मगुरु राजेश लिंडा, प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, प्रार्थना सभा प्रदेश अध्यक्ष माघी उरांव, प्रदेश महासचिव संदीप उरांव, आकाश भगत, राजमुनि उरांव, विशाल डुंगडुंग, संजय टोप्पो सरिता उरांव, रीता उरांव, सुनीता उरांव आदि उपस्थित थे।



### गौतम के निधन पर आजसू ने शोक जताया

**लोहरदगा। राजी पड़हा प्रार्थना सभा के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गौतम उरांव के आकस्मिक निधन हो गया । वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर आजसू जिला कमेटी ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि 2004 के बाद जब मैं सक्रिय राजनीति में आया था उस समय गौतम उरांव का मुझे सहयोग प्राप्त हुआ। इनका मार्गदर्शन मिलता रहा है। इनके निधन की सूचना सुन काफी दुख हुआ। भगवान से उनके आत्मा की शांति की कामना करती है।**

### अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के हेठ पोचरा पंचायत के मधुवाखाड़ पुल के पास बुधवार के सुबह ग्रामीणों ने एक शव देखा। इसके बाद आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सदर थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल लाया गया।वही पुलिस के द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ करने पर मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। उसके साथ ही पुलिस ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति इसी युवक के शव को पहचानते है। तो इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को तत्काल देने का कार्य करे। ताकि शव को परिजनों तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

## सेवानिवृत्त रसोइया ने शिक्षक पर एक लाख चालीस हजार रुपये ठगने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के हेंदेहास स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय के अवकाश प्राप्त रसोईया रामविलास परहिया (बैगा) ने शिक्षक नवीन कुमार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उक्त विद्यालय के सहायक शिक्षक नवीन कुमार ने पेंशन व कागजी प्रक्रिया कराने के नाम पर हमसे एक लाख चालीस हजार रुपए बहला- फुसलाकर कर ठग लिया। उन्होंने बताया कि हम 2022 में रिटायर हुए थे इसके बाद शिक्षक नवीन कुमार को कई किस्तों में एक लाख चालीस हजार रुपए पेंशन चालू कराने के लिए दिया था। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में कई बार उनसे पुछता रहा पर उन्होंने हमेशा बैठक नहीं होने की बात कही और कोई काम नही कराया। फिर मै किसी तरह दौड़-धूप कर अपना काम करवाया। जब मै शिक्षक नवीन कुमार से पैसे की मांग करता हूँ। तो वह टाल मटोल कर देते हैं। शिक्षक नवीन कुमार पर रसोइया राम विलास परहिया ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को शिकायत पत्र सौंपा है। रसोइया ने बताया कि एक सप्ताह पहले शिक्षक नवीन कुमार, प्रधानाचार्य जीतन मरांडी और राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय हड़गड़वा, चंदवा के प्रधानाचार्य श्री शुकन सिंह हमारे घर पर आए और आवेदन वापस लेने का दबाव बना रहे थे।



वहीं इस संबंध में शिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि उक्त आरोप बेबुनियाद है हम उनसे कोई पैसा नहीं लिए हैं। अब देखना है कि एक आदिम जनजाति गरीब परहिया का आवाज दबा दिया जाता है या उसे न्याय मिलता है।

### संजय सेठ के समर्थन में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

# देश की समृद्धि के लिए भाजपा को वोट दें: संजय सेठ



प्रत्याशी आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल संजय सेठ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो देश को शक्तिशाली और समृद्ध बना सकती है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो कार्य हुए हैं वह अप्रत्याशित है। उक्त बातें रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कही। वे बुधवार की शाम भाजपा के वरिष्ट नेता सह समाजसेवी सुरेंद्र पांडेय के आवास पर आयोजित प्रत्याशी आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में उन्होंने आम जनता से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए आवश्यक पहल किए जो रांची से लेकर इचागढ़ विस क्षेत्र तक दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र पांडेय ने सभी लोगों से संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर शशिभूषण भगत, रामकुमार दूबे, परमेश्वर गोप, अजय तिवारी, मृत्युंजय शर्मा, तपेश्वर मिश्रा, ममता चौहान, जयंत पांडेय, मिथलेश दुबे, राजेश सिंह, राकेश कुमार, अनिल महतो आदि उपस्थित थे।

## बाइक रैली निकालकर संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। जो नामकुम बाजार महाराणा प्रताप चौक से सदाबहार चौक, लाल साहब बगान, न्यू आनंदपुर खिजरी, नया टोली, अमेठिया नगर, महुआ टोली, सिरखा टोली, खोजा टोली रामनगर, काली नगर, सिद्रोल, बरगावां, पतरा टोली का भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील गई। कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाकर संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी एवं देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए जनता एक बार फिर से मोदी सरकार को चुनेगी एवं भाजपा और एनडीए गठबंधन की 400 से भी अधिक सीटों पर जीत होगी। वहीं, बाइक रैली में अरुण झा, अरुण तिवारी, बिक्कू सिंह राजा साहब, अजय मुंडा, शिव प्रसाद साह, प्रकाश भारती, कृष्णा कुमार, हरि किशोर तिवारी, विकास सिंह, बिनोद सिंह, अनिल सिंह, संदीप स्वासी, बंटी कुमार, बृज किसोर सिंह, मिथिलेस पांडे, मंगल सिंह, शंकर चौबे, अक्षय मिश्रा, अमित सिन्हा, नितेश सिन्हा, नारायण साहू, देवराज सिंह, पृथ्वीराज सिंह, शंकर कुमार, अरुण वैध, महेश वैध, शिवनारायण प्रसाद आदि शामिल थे।

## पूर्व विधायक ने संजय सेठ के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने बुधवार को सिरका व अनगड़ा पंचायत क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया और एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बगान टोली, मेढेटुगरी, नयाटोली, जानुम, महली हुहू, चन्द्राटोली, नारायण सोसो आदि गांवों में डोर टू डोर कैंपेन किया। मौके पर लोगों को मोदी जी के विकास की गारंटी एवं अन्य उपलब्धियों से अवगत कराते हुए राष्ट्र हित में भाजपा को समर्थन देने का संकल्प दिलाया। जनसंपर्क में रामकुमार पाहन के साथ कामेश्वर महतो, क्लेश नायक, दुर्गा महतो, बलराम महतो, मोहन महतो, रवि नायक, बबलु नायक, बबलु मुंडा, सुरेश महतो, धनीराम महतो, जगेश्वर महतो, अगमलाल महतो, महाबीर मुंडा आदि शमिल थे।

## बेड़ो के नेहालु गांव में मंडा पूजा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु गंव में बुधवार को भगवान शिव व माता पार्वती की आराधना का महापर्व सात दिवसीय मंडा पूजा झूलन व जतरा के साथ संपन्न हुआ। मंडा पूजा को लेकर गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुखिया वीरेंद्र भगत, अध्यक्ष सोमरा प्रधान व सचिव जगरनाथ साहू ने उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि मंडा पर्व हमारे पूर्वजों द्वारा वर्षों से मनाया जा रहा है, जो काफी लोकप्रिय है। मंडा पर्व हमें अपने संस्कृति से जोड़े रखता है। हमारी संस्कृति हमारी झारखंड की पहचान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जितिया उरांव, अंगद प्रधान, प्रदुमन प्रधान, शनि उरांव, गंदुरा उरांव, पारसनाथ तिर्की, बहादुर प्रधान, नारायण कच्छप, विनोद प्रधान और बॉबी प्रधान सराहनीय योगदान दिया।

### मकुंदा नरकोपी में दो दिवसीय मंडा 28 से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नरकोपी मकुंदा गांव में शिव मंडा पूजा समिति सह त्रिलोकीनाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में लगने वाली ऐतिहासिक शिव पार्वती की उपासना का महापर्व मंडा पूजा 28 मई को लोटन सेवा से शुरू होगा। वहीं रात्रि में जागरण, फुलकुंदी व छऊ नृत्य होगा। 29 मई को झूलन, मेला और रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जानकारी संरक्षक अजय कुमार ने दी।**

### पड़हा जतरा की तैयारी को लेकर बैठक आज

**बेड़ो। (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारीडीह जतरा टांड़ में तीन जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को बैठक होगी। जिसमें 12 पड़हा व 21 पड़हा के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के महतो, पाहन आदि शामिल होंगें**

## गंदे पानी से किचन गार्डेन का प्रशिक्षण लेकर सब्जियां उगाकर महिलाएं बन रही हैं आर्थिक रूप से मजबूत

-गंदला पानी से किचेन गार्डेन तक का सफर

- जल संरक्षण के प्रति पीरामल फाउंडेशन की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के कई गांवों के लोग आज जल संरक्षण के प्रति काफी जागरूक हो चुके हैं। इसके लिए पीरामल फाउंडेशन लगातार लोगों को प्रोत्साहित कर रही है। विगत महीने फाउंडेशन की ओर से गेतलसूद पंचायत के जराटोली गांव में गंदे पानी के प्रबंधन के लिए महिलाओं को गंदला पानी का उपयोग कर किचेन गार्डेन विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया था। आज इस गांव में गीता देवी, नमिता देवी जैसी कई महिलाएं घरेलू स्तर पर गंदला पानी का प्रबंधन कर स्वास्थ्यवर्धक सब्जियों के साथ-साथ आय का एक अन्य स्त्रोत भी पैदा कर रही हैं। इस संबंध में पीरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो नारायणी कुमारी ने बताया कि उनका लक्ष्य गंदले पानी के प्रबंधन के लिए प्रत्येक घर में किचन गार्डन विकसित करना और गांव को गंदला पानी से मुक्त कर एक स्वस्थ व सुंदर गांव बनाना है। कहा कि जल संरक्षण को लेकर लोग आज सचेत नहीं हुए तो भविष्य में उन्हें भीषण जल संकट से जुझना पड़ सकता है।

## इटकी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ समर कैंप संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**इटकी।** इटकी के लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय परिसर में अजीम प्रेमजी फाउडेंशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय समर कैंप रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हो गया। कैंप में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने कई हुनर का प्रदर्शन किया। वही बच्चों ने अपने द्वारा लिखी गई बुढ़िया की रोटी और चतुर खरगोश कहानी को नाटक द्वारा मंचन किया। साथ ही नृत्य संगीत प्रस्तुत कर लोगों को घंटो लुभाये रखा। वहीं, बच्चों ने ग्रामीण एक्सप्रेस अखबार बना कर लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउडेंशन के राजेश राम, जैनेंद्र कुमार सुजीत कुमार रोहित , दिनेश प्रजापति और शिक्षक संतोष कुमार , उत्तोमा कुमारी,सोभा कुमारी, जतरी कुजूर, अंजुला और सज्जाद आदि उपस्थित थे।

## सालों तक पेयजल देने वाला बेड़ो बाजार का कुआं बदहाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ में रांची-गुमला मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एतिहासिक बाजार कुआं अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पहले यह कुआं बेड़ोवासियों, बाजार आने वाले ग्रामीणों व राहगिरों के लिए पेयजल का मात्र एक साधन था। लोग बाजार कुएं का शीतल जल पीकर गंतव्य की ओर रवाना होते थे। पर समय चक्र के फेर में बाजार कुआं आज बदहाल हो गया। आलम यह है कि कुएं का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। वहीं इसकी जीर्णोद्धार को लेकर जिम्मेदार उदासीन है। जल संरक्षण के लिए सरकार हर साल लाखों रुपये खर्च करती है। लेकिन सालों पुराने कुओं की बदहाली पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गर्मी में पानी उपलब्ध कराने वाले अधिकांश कुओं में अब कचरा पड़ा है। मुख्यालय में कई कुएं ऐसे हैं जो आज बदहाल पड़े हैं। जबकि किसानों के खेतों में डोभा व तालाबों के निर्माण कराने के लिए सरकार द्वारा जोर दिया जा रहा है। जबकि गांव में पहले से मौजूद स्त्रोतों को संवारने के लिए काम नहीं किया जा रहा है। बेड़ो सहित प्रखंड के कई गांवों में कई कुएं उपयोगी होने के बावजूद भी आज बदहाल पड़े हुए हैं। अब पानी की आपूर्ति के लिए नहीं, बल्कि कचरा फेंकने के उपयोग में लाए जा रहे है। ऐसे में इन कुओं की साफ-सफाई व इनका शुद्धिकरण करते हुए दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। जिससे गांव के ग्रामीणों को पेयजल सहित कई कामों के लिए पानी मिल सकता है।

### जलसंकट की स्थिति दूर हो सकती है

प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रति वर्ष गर्मी में पेयजल के लिए जल संकट बनी रहती है। कई गांव तो ऐसे हैं, जहां भीषण जलसंकट गहराता है। ऐसे में बंद पड़े कुओं को सुचारू किया जाए तो आसानी से जल आपूर्ति की जा सकती है। कुओं में बड़ी मात्रा में जल का संग्रहण होता है। इसके अलावा इनमें पानी भरे रहने से आसपास के जलस्त्रोत भी रिचार्ज होते रहते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव में भी कई अनुपयोगी कुंए है। जिनमें से कुछ की स्थिति कचरा घर जैसी बनी हुई है। प्रखंड के 17 पंचायतों के अंतर्गत करीब आधा सैकड़ा कुएं ऐसे होंगे जो देखरेख के अभाव में बंद है। सरकार चिन्हित कर कुओं का रख रखाव कराने से पेयजल समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

### सफाई कराने पर जमा हो सकता है पानी

बेड़ो में डाक बंगला कुंआ, बड़ाइक चौक के समीप कुंआ बाजार कुंआ सहित कई स्थानों पर आज भी कई ऐतिहासिक महत्व व प्राचीन कुएं हैं, जो बंद पड़े है। वर्तमान में कचरा पड़ा हुआ है। यदि इन कुंओं की सफाई कराई जाए तो पानी संग्रहण हो सकता है।

## इटकी में सात घंटे बिजली आपूर्ति ठप, लोग परेशान

### बिजली विभाग की आंख मिचौली और लो वोल्टेज से बेड़ोवासी त्रस्त






घंटों बिजली सेवा प्रभावित रहने के बाद पीने के पानी के लिए कतारब्द्ध होकर अपनी-अपनी बारी का इंजतार करते लोग।

किसान फसल पटवन के लिए परेशान रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी/बेड़ो।** इटकी व आसपास के दर्जनों गांव में बुधवार तड़के चार बजे से सुबह के 10.30 बजे तक (करीब सात घंटे) बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं, अहले सुबह विद्युत आपूर्ति बाधित होने से जलापूर्ति बंद रही। जिससे लोगों के घरेलू कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। वहीं, जलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खाश कर किसान फसल पटवन के लिए परेशान रहे। इस तपती धूप में किसान फसलों को समय से पटवन नहीं कर पाये। वहीं, बिजली आपूर्ति बाधित रहने से क्षेत्र के छोटे-बड़े कुटीर उद्योग धंधे में भी प्रतिकुल असर पड़ा। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार हटिया ग्रिड से इटकी-बेड़ो फीडर के बीच पिस्का नगड़ी मदर डेयरी के समीप 33 हजार वोल्ट तार में फॉल्ड आ जाने के कारण हटिया ग्रिड से बिजली आपूर्ति वाधित हो गयी थी। हालांकि बाद में विद्युत कर्मियों ने गड़बड़ी को दूर कर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। पर इसके बाद बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई और हर घंटे विद्युत आपूर्ति में कट होता रहा। जिससे लोग परेशान रहे ।

दूसरी ओर, प्रचंड गर्मी के बीच बिजली विभाग की आंख मिचौली जारी है। अनियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज के कारण बेड़ो व प्रखंड के 17 पंचायत के उपभोक्ता परेशान है। अनियमित बिजली का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। सुबह छह बजे से बिजली का आना जाना लगा रहा, जिस कारण भीषण गर्मी के बीच लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा बच्चे और वृद्ध परेशान दिखे। आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद विभागीय स्तर पर उसे दुरुस्त करने का कोई कारगर उपाय नहीं किया जा रहा है। इससे किसानों व ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे के बीच मात्र चार से पांच घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वह भी नियमित नहीं। बिजली नहीं रहने से लोगों के घरों में पानी भी नहीं मिल पा रही है। बिजली संकट की वजह से लोगों की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हो रही है। शाम के वक्त बिजली नहीं रहने से जहां बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है वहीं व्यवसाय पर भी बुरा असर पड़ रहा है। वहीं मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती व बार-बार बिजली के आने जाने से लोग परेशान है।

### जलापूर्ति ठप होने से पीने के पानी के लिए मचा हाहाकार

**बेड़ो/इटकी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजलापूर्ति विभाग पीएचईडी के पाइप लाइन टूट जाने से पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे पानी को लेकर हाहाकार मच गया है। बेड़ो वासी बेहद परेशान हैं। पानी के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। पानी खरीद कर लोगों को अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। बतातें चलें कि बेड़ो वासियों को पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से करीब चार दशक पहले विभाग की ओर से बेड़ो में जलापूर्ति योजना की सौगात दी गई थी जो अब जर्जर हो गई है। इस कारण आए दिन बेड़ो में जलापूर्ति बाधित रहती है। पिछले एक सप्ताह में चार दिन जलापूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, इटकी में आम लोगों के समक्ष जल संकट की जटिल समस्या उत्पन्न हो गयी है। एक तरफ पानी के लिए लोग पानी पानी हो रहे है, वहीं विभाग ने ग्रामीणों की इस समस्या को दूर करने के बजाय चुप्पी साध ली है। पिछले करीब एक माह से विभाग के जल मिनार से प्रर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं की जा रही है जिससे यहां जल संकट गहरा गया है। पेयजल को लेकर लोगों के बीच हाहाकार मची है। नियमित रूप से जलापूर्ति नही होने के कारण लोग दूसरे के यहां बोरिंग वाले परिवारों के यहां से पानी लेने को मजबूर हो गये है।अधिकृत जानकारी के अनुसार जल मिनार में पानी संग्रह के लिए आठ डीप बोरिंग विभाग द्वारा लगाये है जिसमें रख रखाव में कमी के कारण छह डीप वोरिंग खराब है। मात्र दो वोरिंग से जल संग्रह किया जा रहा है जो प्रर्याप्त नहीं है।**

## छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** भारती ग्रुप आफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान में भारती कॉलेज आफ एजुकेशन के सत्र 2023-25 के बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं की ओर से बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शैक्षिणिक सचिव दीपाली परासर भी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रयासरत है, ताकि शैक्षणिक के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा में भी सफलता अर्जित कर सकें। विद्यार्थियों को चार हाउस में बांटकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धानंद प्रथम, हंसराज द्वितीय और दयानंद तृतीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता का भरपूर फायदा उठाते हुए लोगों के चेहरे पर खुशी देखी। विजेता टीम को महाविद्यालय की ओर से सर्टिफिकेट और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डीन विभागाध्यक्ष, व्याख्याता के साथ कॉलेज कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने अनुपमा सिंह के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसियों ने श्यामल सरकार के नेतृत्व में एक-एक बूथ पर बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री व राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल सरकार, डीवीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह, कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या, प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास, कार्यकारी अध्यक्ष, इसीएल रीजनल कमेटी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के शशि भूषण तिवारी, योगेश प्रसाद त्रिपाठी, आशीष सरकार आदि ने एक-एक बूथ पर जाकर धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने की अपील की।

# पद पर रहूं या ना रहूं, काम करती रहूंगी: अरुणा शंकर

## कहा- जरूरत पड़ी तो और भी बढ़ायी जायेगी टैंकरों की संख्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बुधवार को चिलचिलाती धूप में वार्ड नंबर 2, 3, 9 और 14 का दौरा कर निगम द्वारा कराये जा रहे टैंकर से पानी की सप्लाई का जायजा लिया। कहा कि पहले लगभग 150 टैंकर पानी की सप्लाई निगम द्वारा की जा रही थी। आज से कई वार्डों में पानी की सप्लाई बढ़कर निगम द्वारा 200 टैंकर कर दी गई है। हर वार्ड में पानी का टैंकर इस भीषण गर्मी में पहुंचना जरूरी है। कहीं कागज में ही बड़ा कर ना छोड़ दिया जाए। जिसकी निगरानी करने मैं खुद करने आई हूं और हर वार्ड में जाऊंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि जरूरत पड़ी तो मैं नगर आयुक्त से बात कर और भी पानी के टैंकर की व्यवस्था करूंगी जिससे लोगों को राहत मिल सके। प्रथम महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी पार्षद अपने क्षेत्र में पानी बटवाने में सक्रिय नजर आए। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि जब मुझे निगम के लोगों ने नगर माता बनाया तो मेरा भी कर्तव्य होता है कि सभी छोटी-छोटी चीजों का सदैव ख्याल रखूं चाहे पद पर रहूं या ना रहूं। ऐसे भी हिंदू संस्कृति में कहा जाता है कि पानी पिलाना पुण्य का काम होता है तो मैं भी कोशिश कर रही हूं कि किसी का कंठ सूखा ना रहे। साथी ही सबों को घर के कामकाज के लिए पानी उपलब्ध हो सके। प्रथम महापौर ने कहा कि महिलाओं को अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है क्योंकि घर का हर काम पानी के बिना अधूरा होता है।



लोगों के बीच मौजूद प्रथम महापौर अरुणा शंकर

# सिलदीलिया कंस्ट्रकशन के सभी काम अनूप जायसवाल करवाते हैं, जांच हो: डॉ शशिभूषण

**मंत्री आलमगीर आलम के कमीशन सूची में संवेदक अनूप जायसवाल का भी है नाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर आरोप लगाया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की कमीशन सूची में अनूप जायसवाल का भी नाम अंकित है। समाचार पत्र में छपे खबर के अनुसार ईडी ने कोर्ट के समक्ष जिस टेंडर में मंत्री के कमीशन मिलने का सबूत पेश किया गया है उसमें एक संवेदक पांकी विधानसभा क्षेत्र के अनूप जायसवाल का नाम अंकित है। जो अनूप जायसवाल पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह के पेटी कॉन्ट्रेक्टर ठीकेदार है। पूर्व विधायक मेसेर्स सिलदीलिया कंस्ट्रकशन के सभी कार्यों को इसी अनूप जायसवाल द्वारा करवाया जाता है। अनूप जायसवाल द्वारा पैसो का लेन देन किया जाता है। जिसका ठीकेदार के कमीशनखोरी और विकास कार्यों की राशी में लूटपाट का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पांकी क्षेत्र में ठीकेदारों द्वारा बनाई गई सड़के, पुल एकलव्य विद्यालय, मनातू, तरहसी आवसीय बालिका विद्यालय के भवन बनते ही जर्जर हो गये। पांकी-डालटनगंज डीएलपी पथ का टेंडर भी कमीशनखोरी द्वारा मेसर्स सिलदीलिया कंस्ट्रकशन को मिलने का नतीजा है। सड़क बनते ही उखड़ने लगी। पूर्व विधायक ठीकेदार द्वारा उखड़ने वाली जगह पर मरम्मती कराई जा रही है। राज्य सरकार और ग्रामीण विकास के पदाधिकारी को कई बार भ्रष्ट संवेदक के खिलाफ जांच कर इन्हें कोई नया काम नहीं देने का पत्रचार किया गया था। लेकिन जहां कमीशनखोरी हावी हो वहां जायज शिकायते भी गौण हो जाती है। अगर ईडी जांच का दायरा बढ़ाकर नामित अनूप जायसवाल और उससे संबंधित ठीकेदार पूर्व विधायक के खिलाफ जांच करें तो कई बड़े राज खुलेंगे।

## 4 जून को बंद हो जायेगी जीत-हार का दावा करने वाले नेताओं की बोलती: शिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विगत 13 मई को पलामू लोकसभा का मतदान संपन्न होते ही आइएनडीआइए महागठबंधन में शामिल दलों के छोटे से बड़े नेता अपने गली-मोहल्ले, चौक-चौराहा, कचहरी गलियारे में जातीय समीकरण का ढिंढोरा पीट-पीट कर नफा-नुकसान का हिसाब लगाकर चुनाव जीतने का बड़बोलेपन बयान दे रहे हैं। अब जैसे-जैसे मतगणना तिथि नजदीक आ रही हैं उनकी बोलती बंद होती जा रही है। शायद अब उन्हें मतदाताओं के फीडबैक में जमीनी स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी जी का इंटरनल करंट के हकीकत का एहसास हो गया होगा। उक्त बातें भाजपा नेता शिव कुमार मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि पूरे पलामू लोकसभा क्षेत्र के 99 प्रतिशत बूथों पर पड़े वोटो में ज्यादा या कम हो सकता है, मगर प्रत्येक बूथों पर सभी जातियों का समर्थन मोदी जी या भाजपा को मिला है। इसलिए मैं पूरे दावे के साथ कह सकता हूं कि पलामू निर्वाचन क्षेत्र से 4 जून को भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम भारी मतों से चुनाव जीतने वाले हैं। विगत 2014 एवं 2019 चुनाव में वोटो की गिनती शुरू होते ही पहले चक्र की मतगणना से लगातार बढ़ती मिलती चली गई थी जिससे मार्जिन भी बड़ा हो गया था। वही हाल इस बार 2024 में भी होने वाला है। खोखले दावे एवं कोरे बयान बाजी करने वाले नेता 4 जून को मतगणना शुरू होते ही हताश होकर उल-जुलूल बकवास करने लगेंगे। जात बिरादरी को कोसने लगेंगे और अंत में पहले के तरह ही इस ईबीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे। बयान बाजी करने के लिए लाज के मारे कोई सामने नहीं आएगा।

## सीबीआइ अदालत ने नेहरू युवा केंद्र संगठन को सुनाई दो वर्ष की कठोर कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीबीआइ मामलों के विशेष न्यायाधीश ने घूसखोरी के मामले में बुधवार को ओडिशा के संबलपुर स्थित नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्कालीन जिला युवा समन्वयक दिलीप कुमार साहू को दो वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। सीबीआई ने दिलीप कुमार साहू के विरुद्ध 17 मार्च 2011 को मामला दर्ज किया जिसमें आरोप है कि आरोपी ने राष्ट्रीय युवा कोर में एक स्वयंसेवक की नियुक्ति के लिए शिकायतकर्ता से 16 मार्च 2011 को तीन हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगने एवं स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ा। जांच के दौरान, यह पता चला कि युवा एवं खेल मंत्रालय मामले, विभाग, युवा मामलों के विभाग, भारत सरकार ने राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) नामक एक योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य भारत की बड़ी युवा आबादी की ऊर्जा एवं क्षमताओं को स्वयंसेवी समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों की ओर ले जाना था। इस योजना से 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के युवा पुरुषों व महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में दो वर्ष तक सेवा करने में सक्षम बनाने की संभावना थी, जिसके लिए उन्हें वर्ष 2011 में प्रति माह लगभग 2500/- रु. का मानदेय मिलना था। आरोपी ने शिकायतकर्ता से ऐसी नियुक्ति के लिए कथित अवैध रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई ने जांच के बाद 16 मई 2012 को आरोप पत्र दायर किया। विचारण के पश्चात, अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया एवं उन्हें सजा सुनाई। सीबीआई द्वारा पेश किए गए गवाहों व सबूतों को अदालत ने मान्य किए, जिसके आधार पर आरोपी को सजा हुई।

# स्पोर्ट्स




भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ-46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता है।

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत जीते हैं 11 पदक

# सचिन ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में जीता स्वर्ण




**कोबे/जापान (एजेंसी)।** भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरूषों के शॉटपुट एफ-46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया है। भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत 11 पदक जीते हैं। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत 10 पदक जीते थे। सचिन ने 10.30 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोना अपने नाम किया। उन्होंने 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है। महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले सचिन स्कूली दिनों में एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी थीं। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा- मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूनामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा- हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे।

# खनिज संपदा से परिपूर्ण उत्कल भूमि को नवीन बाबू के अफसर लूट रहे: अमित शाह

## 5 चरणों के चुनाव में 310 सीटें जीत चुके, छठे-सातवें चरण में होने जा रहा 400 पार

**कहा- उत्कल भूमि पर शासन कोई बाबू नहीं यहां की संतान ही करेगी, जो उडिया भाषा में बात कर सके**
**- ओडिशावासी 400 पार कराने के साथ विधानसभा में भी खिलाने जा रहे 75 से ज्यादा कमल**
**- जो सरकार रामोत्सव न मनाने दे, उसे वोट मांगने का अधिकार नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने ओडिशा के संबलपुर, केंदुझर, ढेंकानाल और पुरी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए बीजेडी की सरकार पर उड़िया भाषा और संस्कृति को महत्व न देने को लेकर जमकर निशाना साधा। मंच पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री व संबलपुर से लोकसभा प्रत्याशी धर्मेन्द्र प्रधान, भुवेश्वर से प्रत्याशी अपराजिता षड़ंगी, बालेश्वर प्रत्याशी प्रताप षड़ंगी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन सामल, ग्रामीण विकास मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, क्योंझर लोकसभा प्रत्याशी अनंत नायक, ढेंकानाल लोकसभा प्रत्याशी रुद्र नारायण पाणी, पुरी से भाजपा प्रत्याशी डॉ संबित पात्र आदि उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 25 साल के बाद ओडिशा की भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के आधार पर ओडिशा में सरकार बनने जा रही है। मैं जहां भी जाता हूं लोग कहते हैं कि हमारे सांसद को मंत्री बना देना, लेकिन संबलपुर की जनता को नरेंद्र मोदी जी ने बना बनाया मंत्री प्रत्याशी के रुप में दे दिया है। पूरे देश में 5 चरणों के चुनाव पूरे हो चुके हैं और 5 ही चरणों में नरेंद्र मोदी जी 310 सीटें पार कर गए हैं। छठा और सातवां चरण 400 पार करने के लिए है। देशभर के लिए सिर्फ 400 पार का लक्ष्य है लेकिन ओडिशा की जनता को विधानसभा में भी 75 से अधिक सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर कमल खिलाना है। यह चुनाव एक ओर देश को सुरक्षित, समृद्ध करने और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, वहीं दूसरी ओर ओडिशा को समृद्ध प्रदेश बनाने का चुनाव है। उड़िया भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का चुनाव है। महाप्रभु जगन्नाथ की परंपराओं को जीवित करने व सम्मान देने का चुनाव है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा उड़िया भाषा और संस्कृति का गौरव बनाए रखा है। ओडिशा के गरीब आदिवासी घर की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाकर समग्र ओडिशा का सम्मान करने का कार्य किया है। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया था और नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। कांग्रेस की सरकार में केंद्र का आदिवासी कल्याण बजट सिर्फ 85 हजार करोड़ रुपए था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए किया है। प्रधानमंत्री जी ने आदिवासी बच्चों के लिए 740 एकलव्य विद्यालय बनाए और 40 हजार आदिवासी शिक्षकों की भर्ती की। आरोप लगाया कि ओडिशा की सरकार महान पाइका विद्रोह को भुलाने का कार्य कर रही है जबकि प्रधानमंत्री जी ने पाइका संग्राम के लिए सिक्का और डाक टिकेट जारी किया है। नवीन बाबू ओडिशा पर बाबू शाही थोप रहे हैं और ओडिशा की जनता, संस्कृति और अस्मिता का अपमान कर रहे हैं। इस महान उत्कल प्रदेश पर कोई तमिलबाबू शासन नहीं कर सकता, ओडिशा पर शासन ओडिशा का पुत्र ही करेगा जो उड़िया भाषा में बात कर सके और महाप्रभु जगन्नाथ की परंपराओं को आगे बढ़ाएगा। बीजेडी सरकार आस्था और श्रद्धा के केंद्र जगन्नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने के नाम पर उसका अपमान कर रही है, मठ मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार नहीं खोले जाते और रथ यात्रा को भी बंद करने की पूरी साजिश की गई थी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ओडिशा बहुत सुंदर स्थान है, यहां एक लंबी समुद्री सीमा है, खनिज संपदा का अंबार है और मेहनती युवा हैं, बस यहां एक मेहनत करने वाले मुख्यमंत्री की कमी है। ओडिशा की जनता यहां भाजपा की सरकार बना दे, तो भाजपा मेहनत करने वाला युवा को मुख्यमंत्री बनाकर ओडिशा को समृद्ध बनाएगी। कहा कि ओडिशा की जनता भाजपा की सरकार बना दे, तो भाजपा प्रभु जगन्नाथ के रत्न भंडार की पाई-पाई का हिसाब विज्ञापन के माध्यम से ओडिशा की जनता के सामने रखेगी।

## लापता बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहे माता-पिता



**विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्ल्यू मिश्रा का बेटा राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा (25) पिछले 12 दिनों से लापता है। इस संबंध में डब्ल्यू मिश्रा ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था। लेकिन अभी तक मोनू का कोई सुराग नहीं मिला है। इधर मोनू के परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। परिजन पुलिसिया कार्रवाई से भी संतुष्ट नहीं हैं।**

## समारोह आयोजित कर ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल ने 10वीं के टॉपरों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी व संचालन वरीय शिक्षक अजीत तिवारी ने किया। समारोह में दसवीं के टॉपर छात्र छात्राओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अमित कुमार सिंह ने कहा कि भविष्य में यह सम्मान बच्चों को और भी बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने बच्चों के उजवल भविष्य की कामना किया। प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि ग्यारहवीं की पढ़ाई स्कूल में नियमित रूप से जारी है। सभी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं भी इस स्कूल में उपलब्ध है। अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराकर उन्हें अनुशासन और संस्कार पूर्ण शिक्षा हासिल कराएं। मौके पर शिक्षिका गीता पांडेय,टॉपर छात्रा माही दूबे, सुरेंद्र शर्मा,आभा चौबे,राजीव रंजन ठाकुर,आशु चौबे,चंचला दीक्षित,शौम्या कुमारी,शिवानी कुमारी,अंजली कुमारी,नंदकिशोर ठाकुर,मो.लातीफ,कविता कुमारी,रिंकू, सोनी,वेद प्रकाश सहित कई शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## जपला एके सिंह कॉलेज में विश्वविद्यालय स्तरीय सेमिनार का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आइक्यूएसी ,राजनीतिक विज्ञान व समाजशास्त्र विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में एके सिंह डिग्री कॉलेज जपला में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार का विषय था वर्तमान परिवेश में भारतीय ग्रामीण समाज मे राजनीति की भूमिका।सेमिनार की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की जबकि संचालन प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 बीरेंद्र कुमार,विशिष्ट अतिथि सह मुख्य वक्ता एसएसजेएसएन के सहायक प्राध्यापक प्रो0 भाष्कर कुमार आदि ने संयुक्त रूप से सरस्वती तस्वीर के समक्ष दीपप्रज्वलन कर किया।

## छतरपुर में नये-नये माइंस खुलने से लोगों का जीना दूभर, बैठक कर किया विरोध



**छतरपुर/पलामू।** प्रखंड के जवरा गांव में ग्रामीणों की बड़ी बैठक हुई। जिसमें जवरा गांव में लगातार नए पत्थर खदान खुलने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। इसी बात को लेकर अगल-बगल गांव के लोग सैकड़ों की तादाद में जुटे थे। विश्व पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नौकरशाहों द्वारा कागजी खाना पूरी कर माइंस तो खुलवा दिया गया लेकिन इसे जनता के जुझारू आंदोलन के बल पर ही रोका जा सकता है। इसी कड़ी में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पटना से नहीं लठना के बल पर यहां के माइंस बंद करवाया जा सकता है और पर्यावरण की रक्षा करते हुए गांव में अमन चैन लाया जा सकता है। दम घोटू प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट पर उन्होंने गहरी चिंता जाहिर की। सूखे जल स्रोत, ढहते घर, उड़ते धूल, दम घोटू प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने उत्खनन का कड़ा विरोध किया था। ग्रामीणों ने माइंस संचालकों से खनन का लीज दिखाने की मांग कर रहे थे लेकिन वहां उपस्थित खनन संचालक ने कागज दिखाने से काफी नाराजगी जाहिर की। बैठक में बसंत सिंह,सुदेश्वर सिंह, विश्वनाथ सिंह, संतोष सिंह, ललिता देवी, दीनानाथ सिंह, नागेश्वर लोहरा, चानारिक सिंह,मुनी सिंह आदि उपस्थित थे।

## बच्चों ने निकाली शोभायात्रा, क्षेत्र के 300 से अधिक लोगों को करायी गयी नारायण सेवा




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 103वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसे लेकर आनंदमार्हियों में काफी उत्साह है। आनंदमर्गियों के लिए यह बहुत बड़ा त्योहार होता है। नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को सजा दिया गया है। एक हफ्ता पूर्व से ही जिले के कई हिस्सों में बाबा नाम केवलम कीर्तन हो रहा है। साथ ही आनंदमार्ग द्वारा अन्न दान, वस्त्र दान, मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। पूरे हफ्ते तड़के चार बजे आनंदमर्गियों द्वारा जागृति परिसर से नगर कीर्तन पूरे शहर में निकाला जा रहा है। बुधवार को शहर के कई क्षेत्रों में नारायण सेवा कर करीब 300 लोगों को भोजन कराया गया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने जागरूकता को लेकर शोभा यात्रा भी निकाला। वरिष्ठ आनंदमार्गी जगरनाथ जी ने बताया की 1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में सुबह 6.07 बजे हुआ था। उस समय पर सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। उसके बाद साधना करते हैं। पूजा खत्म होने के बाद शहर भर में शोभायात्रा निकाल कर धर्म प्रचार किया जाता है। उसी तरह गुरुवार को भी किया जाएगा। जागृति परिसर में दिनभर मनोरंजन व तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह सात बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य चौराहा होते वापस जागृति आएगी।

## रिसीविंग सेंटर में 25 मई की दोपहर दो बजे रिपोर्टिंग करने का निर्देश

# धैर्य और टीम भावना से करें काम: डीसी

### महिला, दिव्यांग एवं पर्दानशीन बूथ को रिसीविंग में दी जायेगी प्राथमिकता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धैर्य रखकर टीम भावना के साथ काम करने से गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। कृषि बाजार समिति के रिसिविंग सेंटर में विधानसभावार इवीएम रखने के लिए हॉल चिह्नित है। हॉल में बूथवार इवीएम रखने के लिए मार्किंग की गई है। रिसीविंग सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मी 25 मई की दोपहर दो बजे रिपोर्टिंग करेंगे। रिसीविंग के दौरान महिला, दिव्यांग एवं पर्दानशीन बूथ को प्राथमिकता देंगे। उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने कही। वे बुधवार को न्यू टाउन हॉल में चुनाव सामग्री रिसीव करने के लिए रिसीविंग सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मी व पदाधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इवीएम और अन्य चुनावी सामग्री रिसीविंग करते समय किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते। निर्वाचन के सभी डॉक्यूमेंट अति महत्वपूर्ण हैं। इसलिए गंभीरता से अपनी ड्यूटी करें। अपने-अपने काउंटर और प्राप्त होने वाले पाकेट्स व डॉक्यूमेंट की जानकारी रखें। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट की संख्या, विभिन्न तरह के पेपर सील, फॉर्म 17 ए, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, पुरुष, महिला, थर्ड जेंडर मतदाताओं की सख्या, मतदान शुरू होने के हर दो घंटे के अंतराल पर रिपोर्टिंग सहित अन्य बिंदुओं की बारीकी से जानकारी दी। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद थे।



पदाधिकारियों-कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यत दिशा-निर्देश देंती जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा व अन्य।

## इस बार पांच लाख वोटों से जीतूंगा: सीपी चौधरी

### भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने महुदा में निकाली विशाल बाइक रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश (सीपी) चौधरी के समर्थन में बुधवार को भाजपृआजसू के कार्यकर्ताओं ने विशाल बाइक रैली निकाली। कार्यकर्ता इस दिन बाइक लोहापिट्टी मोड़ से महुदा मंडल के सभी पंचायत क्षेत्रों में घूमकर सीपी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए। रैली में शामिल सांसद सह प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान तेलमोचो की मुखिया मीरा कुमारी एवं भाजपा के धनबाद ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, पूर्व जिला परिषद संतोष महतो, मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर, मटुक मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। बाइक रैली को जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो एवं विधायक प्रतिनिधि शिबू महतो ने भाजपा और आजसू का झंडा दिखाकर रवाना किया। इस बीच प्रत्याशी सीपी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि गिरिडीह सीट पूर्व से घोषित हैं। हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत बता रही हैं कि पिछली बार ढाई लाख वोटों से जीते थे। पर इश बार पांच लाख वोटों से जीतूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी पंचायतों, गांव एवं वार्डो के आमजनों तक प्रधानमंत्री मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए उन्हें मतदान के लिये प्रेरित करें, ताकि मोदी जी के 400 पार के नारे को साकार कर दोबारा प्रधानमंत्री बनाया जा सके।





# दहेज हत्या के दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय ने दहेज हत्या के आरोपी राजेश कुमार नायक को दोषी पाये जाने के बाद 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बतातें चलें कि धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र निवासी डूटन साव ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में 10 अप्रैल 2018 को एक परिवाद पत्र दर्ज करया था। उसमें बताया था कि बेटी लक्ष्मी की शादी आठ सितंबर 2016 को भेंडरा के रहने वाले राजेश कुमार नायक के साथ की थी। शादी के समय सामर्थ के अनुसार बेटी के ससुराल वालों को दहेज भी दिया था। शादी के बाद 5-6 महीना तक ससुराल में वह ठीकठाक रहा। उसके बाद उसके पति और ससुराल वाले बाइक की मांग करने लगे। जब बेटी ने बताया कि उसके पिता बेहद गरीब आदमी है। वे बाइक खरदने के लिए पैसे नहीं दे सकते हैं। इसके बाद से परिवार के सभी सदस्य उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। बात-बात पर ताने मारते और प्रताड़ित करने लगे। इसकी जानकारी मिलने के बाद वह बेटी के ससुराल पहुंचा और उन लेगों को समझाया। तब कुछ दिनों तक वे लोग उसे ठीक से रखे। उसके बाद फिर प्रताड़ित किया जाने लगा। इसी बीच उसकी बेटी ने एक बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद से सुसराल वाले उससे नफरत करने लगे और दहेज में एक लाख रुपया लाने की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। इस बीच 16 नवंबर 2017 को पता चला कि 15 नवंबर की सुबह उसकी बेटी को ससुराल वाले किरासन तेल डालकर जिंदा जला दिये। इसकी जानकारी मिलने के बाद जब वह आदित्य सेवा सदन अस्पताल चास जाकर देखा तो बेटी पूरी तरह से जली हुई थी। उसे वहां से बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया। यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद उस परिवाद पत्र को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायायिक पदाधिकारी द्वारा जांच साक्षय के लिए नावाडीह थाना भेजा गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय के न्यायालय में आया। जहां उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जिला जज द्वितीय ने आरोपी राजेश कुमार नायक को दहेज हत्या के मामले में दोषी पाते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और दहेज प्रथा के मामले में दो साल की सजा सुनाई। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। उधर, सजा सुनाए जाने के बाद दोषी राजेश नायक को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया।

# माइक्रो ऑब्जर्वरों और मतदान कर्मियों का हुआ अंतिम रेंडमाइजेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को एनआइसी कक्ष में माईक्रो ऑब्जर्वरों एवं मतदान कर्मियों का नियुक्ति पत्र निर्गत करने के लिए अंतिम रेंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। बूथों में नियुक्त किए जाने वाले माईक्रो ऑब्जर्वरों एवं मतदान कर्मियों का अंतिम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। मौके पर डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, डीएलएओ राम नारायण खलखो, डीआइओ सुनीता तुलस्यान आदि उपस्थित थे।

# भानु प्रताप शाही ने की भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** एशिया की सबसे बड़ी श्रमिक कॉलोनी भूली में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में चुनावी जनसभा की गई। झारखंड मैदान में आयोजित इस सभा की अध्यक्षता सुमन सिंह एवं संचालन मानस रंजन पाल ने की। सभा को शामिल हुए भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। वहीं, भाजपा नेता अमरदीप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी भारत का कोई मुकाबला नहीं है। ओबीसी मोर्चा के अमरदीप यादव ने मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियां को गिनाते हुए मतदाताओं से राष्ट्रहित में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को ही वोट देने की अपील की। मौके पर क्रीड़ा भारती के वरिष्ठ भाजपा नेता अमरेश सिंह, मुकेश लाल यादव, प्रियंका पाल, प्रियंका रंजन, ओबीसी आईटी सेल संयोजक झारखंड प्रदेश जितेंद्र कुमार, भूली मंडल के अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, रजनीश तिवारी, मिथिलेश पासवान, लल्लन मिश्रा, छोटू राम, नीलू झा, मनमोहन सिंह, इंद्रकांत झा, आनंद निषाद, राजू प्रसाद, राज देव राम, धर्मेंद्र पासवान, गंगोत्री देवी, पप्पू शर्मा, महेश सिंह आदि उपस्थित थे।



# प्रशिक्षण ले रही लड़कियों के बीच थाना प्रभारी व मुखिया ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** मजबूत लोकतंत्र के लिये लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महुदा थाना प्रभारी एवं पादुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने बुधवार को महुदा रेलवे ग्राउंड में जागरूकता अभियान चलाया। इस बीच महुदा क्षेत्र के आस-पास सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से 40-50 की संख्या में प्रतिदिन पुलिस, आर्मी, रेलवे, एसएससी, जिडी, बीएसएफ समेत अन्य बहालियों में भर्ती को लेकर प्रशिक्षण ले रही लड़कियों समेत ग्राउंड में मौजूद सभी लोगों को थाना प्रभारी धीरज कुमार ने मतदान के महत्व बताते हुए 25 मई को मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने की अपील की। कहा कि मतदान उनका अधिकार है। उन्होंने लोगों से अपने पसंद के प्रतिनिधि के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रभारी ने कहा कि वे किसी के बहकावे या प्रलोभन में आकर मतदान ना करें। निर्भीक होकर मतदान करें। यदि कोई उन्हें डराता-धमकाता है तो पुलिस से शिकायत करें। वहीं प्रशिक्षण लेने आई नेहा कुमारी ने बताई कि वह पहली बार मतदान करने वाली है। इस लिए काफी उत्साहित हैं। कहा कि वे स्वच्छ एवं साफ छवि के प्रतिनिधि को मतदान करेंगी। जो खुद से पहले उनके बारे में सोचे, शिक्षा व रोजगार सहित लोकसभा क्षेत्र की सभी मौलिक जरूरतों को समझें और उनको पूरा करें। मौके पर मुस्कान कुमारी, पूनम कुमारी, नेहा कुमारी, मीरा कुमारी, नीतू कुमारी, नेहा कुमारी, अनुपम कुमारी, अंबिका कुमारी, शिल्पा कुमारी, विनीता कुमारी, अजय कुमार, माधुरी कुमारी, पायल कुमारी, श्रुति कुमारी आदि थीं।




# गांधीनगर- कुरपनिया में मथुरा महतो के पक्ष में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बैदकारो/बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में बुधवार को कांग्रेस, झामुमो, भाकपा और माकपा के अलावा सामाजिक संगठनों की ओर से गांधीनगर और कुरपनिया में जनसंपर्क अभियान चलाने के साथ ही नुक्कड़ सभा भी आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेसी नेता सुबोध सिंह पवार, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, सीपीआई नेता सुजीत कुमार घोष, आफताब आलम खान, माकपा नेता मनोज पासवान और विजय भोई ने कहा कि देश के विकास के लिए मथुरा प्रसाद महतो को अपना समर्थन दें। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। जनता महंगाई से त्रस्त है। देश के बेरोजगारों से केंद्र की मोदी सरकार ने सिर्फ छलावा किया है। गठबंधन के नेताओं ने मतदाताओं से अपील की कि राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए गिरिडीह लोस से मथुरा महतो को तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनावे। मौके पर वीरेंद्र कुमार सिंह, अफजल अनीस, मुन्ना सिंह, राकेश नायक, शेर मोहम्मद, गणपत रविदास, रतन निषाद, बंटी कुमार, निर्मल नाग, राजेश पासवान, मिनहाज मंजर आदि मौजूद थे।



## ढुल्लू पर एटक नेता ने दर्ज करायी प्राथमिकी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआइटीयूसी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया स्टील वर्कर फेडरेशन, झारखंड राज्य एआइटीयूसी एवं बोकारो इस्पात कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष और भाकपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विद्यासागर गिरि ने धनबाद लोस से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर बुधवार की सुबह 7.5 बजे फोन पर चुनाव के बाद देख लेने धमकी देने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराया है। विद्यासागर गिरी ने झारखंड सरकार के डीजीपी, झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, धनबाद संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी और सेक्टर 12 थाना के प्रभारी पदाधिकारी को संबोधित पत्र में कहा कि वे एटक और भाकपा द्वारा इंडिया गठबंधन के समर्थन में चुनाव अभियान चलाने व बोकारो के साथियों को मार्गदर्शन देते हुए भाजपा के खिलाफ मंगलवार को एक बयान देने के बाद उन्हें फोन करके धमकी दी गई। उन्हें चुनाव के बाद देख लेने की चेतावनी दी गई है। उसके बाद भाकपा महासचिव राजा और सचिव मंडल के सदस्यों और एटक के अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, महासचिव अमरजीत कौर के साथ चर्चा के बाद प्राथमिक दर्ज करने का ऑनलाइन आवेदन किया है।

# शांतिपूर्ण मतदान को लेकर निरसा में केंद्रीय बलों ने किया फ्लैग मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**एग्यारकुंड।** लोकसभा चुनाव के तहत पांचवें चरण के शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। केंद्रीय बलों- असम राइफल्स पुलिस के जवानों ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। साथ ही मतदान केंद्र में बड़ी संख्या में पहुंचकर निर्भिक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व असम राइफल्स के अधिकारी राजू हजारिका कर रहे थे। यह फ्लैग मार्च चिरकुंडा ,कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, निरसा और मैथन का भ्रमण कर चिरकुंडा में समाप्त हुआ। अधिकारी राजू हजारिका ने कहा कि लोगों से वो अपील करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचकर जिनको भी वोट करना चाहे वो करें। पर इस चुनाव में भाग जरूर लें।

## रागिनी सिंह ने की एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को वोट देने की अपील




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के बैनर तले संगठन की महामंत्री रागिनी सिंह के नेतृत्व में कतरास श्यामडीह स्थित शिव प्लाजा में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन कर एनडीए गठबंधन के घटक दल आजसू के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इससे पहले नेताओं-कार्यकर्ताओं ने रागिनी सिंह का 51 किलो का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कहा कि हम सभी को झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को जीतना है। इस लिए भाजपा और आजसू प्रत्याशियों के पक्ष में खुद भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। झारखंड से एनडीए के प्रत्याशियों को जीताकर नरेंद्र मोदी जी के 400 पार के नारे को सार्थक बनाना है। मौके पर जश्रसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, सचिव सतेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव विशाल बरनवाल, सचिव अमरेंद्र पासवान और रिंकू सिंह आदि मौजूद थे।

# मतदान दिवस की तैयारी को लेकर मुखिया पर्यवेक्षक व पीडीएस डीलर के साथ बैठक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बेरमो सीओ संजीत सिंह ने मतदान दिवस की तैयारी को लेकर बुधवार को प्रखंड अधीन पदाधिकारी, मुखिया, पर्यवेक्षक और पंचायत सचिव के साथ बैठक की। इसमें मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा संबंधित समीक्षा की गई। बैठक में 25 मई को मतदान केंद्र में नींबू, रसना, पीने का पानी, घड़ा-ग्लास, बांस बैरिकेटिंग, आवश्यकता अनुसार शेड आदि की सुविधा कराने का निर्देश दिया। सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को संबंधित मतदान केंद्रों में टैगिंग किए गए विद्यालय से फर्नीचर की आपूर्ति, माता समिति द्वारा भोजन की व्यवस्था आदि की निगरानी करने का निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्र भवन में टैंगिग किए गए टेंट हाउस द्वारा गद्दा तकिया, 2 पंखा, चार्जिंग प्वाईन्ट, शेड, एक जेनरेटर एवं अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की गई या नहीं, इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केंद्र भवन में हेल्प डेस्क, चिकित्सा सहायता, प्रतिनियुक्त महिला शिक्षिका आदि को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया चंद्रदेव घांसी, विश्वनाथ महतो, सीमा महतो, कैथरी हांसदा व अंजू आदि थे।




## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग)

**प्रेस-विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 52/2023/SDR/Vol.IV दिनांक 31.10.23 के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में छठे चरण के अन्तर्गत दिनांक 25.05.2024 को गिरीडीह, धनबाद, रॉंची, तथा जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्रों में मतदान कार्य किया जाना है। उक्त चार लोक सभा क्षेत्रों के वैसे मतदाता जो निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग जिला में प्रतिनियुक्त है तथा जिन्होंने फार्म 12 के द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु आवेदन समर्पित किया है, एवं जिनका पोस्टल बैलेट संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्गत एवं इस जिले को प्राप्त है, के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्नवत Facilitation Centre अधिष्ठापित गया है :–

| Facilitation Centre | मतदान किये जाने की तिथि एवं समय | संबंधित लोक सभा क्षेत्र |
|---|---|---|
| समाहरणालय स्थित प्रथम तल्ला (स्तनपान कक्ष) | 23-05-24 9:00 AM TO 5:00 PM | गिरीडीह, धनबाद, रॉंची, तथा जमशेदपुर |
| समाहरणालय स्थित प्रथम तल्ला (स्तनपान कक्ष) | 24.05.24 9:00 AM TO 5:00 PM | गिरीडीह, धनबाद, रॉंची, तथा जमशेदपुर |

नोडल पदाधिकारी
पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग,
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 325062 Election (24-25)_D

## आइआइटी भुवनेश्वर के शोधकर्ताओं ने अध्ययन में किया दावा

# शहरीकरण ही बना शहरों के 60% तापमान वृद्धि का कारण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर के शोधकर्ताओं द्वारा किये गये एक नूतन अध्ययन से यह पता चला है कि अकेले शहरीकरण ने ही भारतीय शहरों में अतिरिक्त 60% तक की तापमान वृद्धि का कारण है, जो शहर-दर-शहर महत्वपूर्ण अलग-अलग है। यह शोध भारतीय शहरों के लिए शहरीकरण का वैज्ञानिक आधारित भौगोलिक रैंकिंग प्रदान करता है । नेचर सिटीज जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन का शीर्षक ह्यशहरीकरण और क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन का भारतीय शहरों के तापमान वृद्धि से संबंध' है, जो कई शहरों में क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण को ध्यानपूर्वक विशिष्ट दृष्टिकोण प्रदान करता है। शहरों में बढ़ते तापमान के संदर्भ में, इस अध्ययन ने पिछले दो दशकों में 141 प्रमुख भारतीय शहरों में देखी गयी सतह की गर्मी में स्थानीय स्तर पर नगरीकरण और क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन के योगदान की जांच की है। नासा के एक्वा उपग्रह पर मोडिस सेंसर से 2003 और 2020 के बीच के 18 वर्षों के उच्च-रिजॉल्यूशन भूमि सतह तापमान डेटा का उपयोग करते हुए, इस शोध दल ने शहरी और ग्रामीण गर्मी के रुझानों की सावधानीपूर्वक तुलना की। कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को लागू करते हुए, उन्होंने शहरी तापमान डेटा से ग्रामीण क्षेत्रों में देखे गए क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन प्रभावों को घटाया, जिससे नगरीकरण के प्रभाव को अलग किया जा सके। विशेष रूप से, पूर्वी भारत के टियर क्क शहरों में दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े मेट्रो शहरों की तुलना में मजबूत शहरीकरण-नियंत्रित तापमान देखा गया है । यह अंतर लक्ष्ययुक्त शहरी नियोजन और तापमान के प्रभाव को कम करने के प्रयासों की महत्वपूर्णता पर और भी जोर देता है, जो अत्यधिक वर्षा, बाढ़, और वायु प्रदूषण जैसे अन्य शहरी मुद्दों का भी समाधान कर सकते हैं। छोटे शहरों पर लक्ष्ययुक्त तापमान रोकथाम कार्रवाई योजना को लागू करना बड़े शहरी संगठनों या महानगरों के मुकाबले सस्ता और सकारात्मक परिणामों वाला माना जाता है। अध्ययन में भारतीय शहरें तेजी से विस्तारित होते हैं, इसलिए विस्तृत शहरी जलवायु अध्ययन और डेटा उत्पन्न करने की तत्काल आवश्यकता को गंभीर रूप से दिखाता है। इस शोध का नेतृत्व डॉ वी. विनोज, असोसिएट प्रोफेसर, पृथ्वी, महासागर और जलवायु विज्ञानविद्यापीठ, और सौम्य सत्यकांत सेठी ने किया । इस अध्ययन के बारे में टिप्पणी करते हुए, डॉ विनोज ने कहाः भारतीय संदर्भ में शहरीकरण से जुड़े और भी कई पहलू अब तक अज्ञात हैं। हालांकि, यह अध्ययन विज्ञान पर आधारित जानकारी का एक पूर्व झलक प्रदान करता है जो राष्ट्रीय या राज्य स्तर की नीति निर्माण में सहायक हो सकती है, हर शहर को अलग-अलग देखने और सीमित संसाधनों को व्यवस्थित रूप से आवंटित करने के लिए। ऐसा एक दृष्टिकोण उन नीतियों को लागू करने में मदद करेगा जो हमारे बढ़ते हुए स्मार्ट शहरों को और भी स्मार्ट बना सकती हैं।

## 12वीं की परीक्षा के परिणाम 26 तारीख को घोषित किये जायेंगे




**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 12वीं का परीक्षा परिणाम आगामी 26 तारीख को जारी किया जायेगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दोपहर में परीक्षा परिणाम जारी होने की जानकारी दी है। कला, विज्ञान, वाणिज्य और व्यावसायिक परीक्षा परिणाम प्रकाशित किए जाएंगे । इस वर्ष राज्य में कला, विज्ञान, वाणिज्य और व्यावसायिक शिक्षा में कुल 3,84,597 छात्रों ने परीक्षा दी। पिछले वर्ष की तुलना में 26,000 से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी।**

## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने पानी के टैंकर और शिक्षा सामग्री वितरित की




**भुनेश्वर (आजाद सिपाही)** एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएसएलसी) ने अपनी कल्याणकारी पहल के तहत आदिम जाति सेवा मंडल (आदिम जाति और वंचित बच्चों के लिए अनाथालय घर) को दो पानी की टंकियां और भोजन के पैकेट वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य बाल गृह के निवासियों के लिए भीषण गर्मी के दौरान पीने के पानी और आवश्यक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इसके अलावा, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएसएलसी) के सदस्यों ने रॉबिनहुड आर्मी क्लस्टर का दौरा किया, जो रांची के बरियातू में स्लम क्षेत्र के वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता प्रदान करने वाला संगठन है। वंचित बच्चों की शिक्षा में पाठ्यपुस्तकों और स्कूल की आपूर्ति जैसे बुनियादी संसाधनों का अभाव था। इससे बच्चों के लिए प्रभावी ढंग से सीखना मुश्किल हो जाता है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्रीमती जैन ने कहा, हमारे संगठन का उद्देश्य समाज के पिछड़े वर्गों की सेवा करना है, और हम समाज की सेवा के लिए यह कदम उठाकर बेहद खुश हैं लाभार्थियों ने इस पहल पर खुशी व्यक्त की और के प्रयासों की सराहना की। लेडीज क्लब। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, पूर्णिमा श्रीखंडे, मनसा वर्मा, महासचिव दीपा, संयुक्त सचिव परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव स्निग्धा मज्जी, कोषाध्यक्ष और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने प्रतिभा विकास के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त की टीडी बेस्ट अवाड्र्स 2024 में तीसरा स्थान हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी ने एटीडी बेस्ट अवाड्र्स 2024 में विश्व स्तर पर तीसरी रैंक हासिल करके एक प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की है, यह सभी भारतीय कंपनियों के बीच सर्वोच्च रैंकिंग है। विशेष रूप से, एनटीपीसी एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम है जिसे पिछले आठ वर्षों में सात बार यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल रहा है। 21 मई, 2024 को अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान एनटीपीसी की सीजीएम (स्ट्रैटेजिक एचआर एंड टैलेंट मैनेजमेंट) रचना सिंह भाल द्वारा यह सम्मान स्वीकार किया गया। एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट (एटीडी) यूएसए द्वारा स्थापित एटीडी बेस्ट अवाड्र्स, लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) के क्षेत्र में सबसे सम्मानित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक है। यह उन संगठनों को सम्मानित करता है जो एक रणनीतिक व्यवसाय उपकरण के रूप में प्रतिभा विकास का लाभ उठाते हैं और प्रभावी कर्मचारी विकास प्रथाओं के माध्यम से उद्यम-व्यापी सफलता का प्रदर्शन करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि रैंकिंग उच्च अखंडता और वैश्विक प्रतिष्ठा वाले अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा आयोजित एक कठोर मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानव संसाधन क्षेत्र में एनटीपीसी के असाधारण प्रदर्शन को उजागर करती है। एटीडी बेस्ट अवार्ड एनटीपीसी की उत्कृष्ट शिक्षण और विकास प्रथाओं और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का एक प्रमाण है। कंपनी ने सीखने और विकास के प्रति एक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है, प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपनाया है, उद्योग के मानक स्थापित किए हैं, सीखने के अवसरों को सुविधाजनक बनाया है और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

# पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड की ओर से समर कैंप" का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, रेलवे कर्मचारियों और गैर-रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खोरधारोड में एक समर कैंप का आयोजन कर रहा है, ताकिगर्मी की छुट्टी के दौरान बच्चों की शारीरिक, मानसिक और नैतिक क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड, ने कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) और शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (अवसंरचना) हिमाद्री भूषण बिस्वाल, खेल अधिकारीऔर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड और अन्य शाखा अधिकारीकी उपस्थिति में समर कैंप का उद्घाटन किया। समरकैंप 11 दिनों तक यानी 21.05.2024 से 31.05.2024 तक जारी रहेगा। समर कैंप के दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी और योग जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त तायक्वों-डो मार्शल आर्ट के माध्यम से आत्मरक्षा तकनीकों का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस समर कैंप में 60 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। मोहम्मद जकीरुद्दीन,खेल सचिव और उनकी टीम बच्चों के कार्यक्रमों का समन्वय करेगी।

# राजधानी में सुव्यवस्थित चुनावों के लिए पुलिस अधिकारियों की तैयारी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी में चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस की एक बैठक। आयुक्त संजीब पंडा ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा की। चुनाव के लिए भुवनेश्वर में पुलिस बल की 15 प्लाटून और सीएपीएफ की 12 कंपनियां तैनात की जाएंगी। राजधानी में 5 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 488 स्थानों पर 1132 मतदान केंद्र हैं। जयदेव में 169 स्थानों पर 236 मतदान केंद्र, भुवनेश्वर मध्य में 50 स्थानों पर 200 मतदान केंद्र, भुवनेश्वर उत्तर में 84 स्थानों पर 254 मतदान केंद्र, एकाम्र में 74 स्थानों पर 237 मतदान केंद्र और जटनी में 111 स्थानों पर 205 मतदान केंद्र हैं। भुवनेश्वर मध्य मतदान केंद्र के सभी बूथ सखी बूथ हैं, जहां केवल महिला कर्मचारी कार्यरत होंगी। राजधानी में 152 संवेदनशील बूथ हैं। इन सभी बूथों पर सीएपीएफ बल की तैनाती की जायेगी। यहां तक कि जहां 4 बूथ अधिक हैं वहां भी सीएपीएफ फोर्स रहेगी। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में एक अतिरिक्त डीसीपी प्रभारी होंगे।




## बंगाल की खाड़ी में चक्रवात ने कम दबाव का रूप ले लिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में एक कम दबाव का क्षेत्र बना है। काल वैशाखी का प्रभाव केवल उत्तरी ओडिशा और दक्षिण ओड़िशा सहित तटीय ओडिशा के कुछ जिलों में देखा जायेगा। साथ ही राज्य में गर्मी की लहर में भी थोड़ी कमी आएगी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा महांति ने एक प्रेस मिट के माध्यम से यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि ओडिशा में कम दबाव का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बंगाल की खाड़ी में दबाव बढ़ने के कारण मछुआरों को समुद्र में लौटने की सलाह दी गई है । दक्षिण और उत्तरी ओड़िशा में बारिश जारी रहेगी। 22 से 25 तारीख तक गरज के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**